


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 211 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 19 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## राजस्थान में कांग्रेस के बाद अब भाजपा की हाईलेवल मीटिंग

# मिशन-2023 पर मंथन

## पूर्व सीएम रमन सहित देशभर के 132 प्रमुख नेता होंगे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कांग्रेसियों के राजस्थान से लौट आने के बाद अब पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह जयपुर जा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में 19 से 21 मई तक राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों व संगठन महामंत्रियों की बैठक है, जिसमें देशभर के 132 प्रमुख नेता को बुलाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज यानि गुरुवार से शुरू हो रहे राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को बैठक को वर्चुअली संबोधित करेंगे। लगातार हार से जूझ रही छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए यह बैठक काफी अहम है।

राजस्थान के जयपुर में आज से 21 मई तक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक है। भाजपा संगठन ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को भी उसमें बुलाया है। छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय भी जयपुर जाएंगे। छत्तीसगढ़ भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी और सह प्रभारी नितिन नबीन सीधे जयपुर पहुंचेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि पिछले दो-ढाई साल से अधिकांश बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होती रही हैं। पहली बार दिल्ली के बाहर किसी शहर में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हो रही है।



### संगठन को और मजबूत करने पर फोकस

19 से 21 मई तक होने वाले 3 दिन की हाईलेवल बैठक में भाजपा नेताओं को विधानसभा चुनाव-2023 और लोकसभा चुनाव-2024 के टास्क दिए जाएंगे। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और विधानसभा चुनाव-2023 के मुद्दे और प्रदेश के हालातों पर पूरी रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को दी जाएगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2023 में चुनाव वाले राज्यों के नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा नेताओं को 20 व 21 मई को अलग-अलग सत्रों में आयोजित चर्चा में भाग लेना है। बैठक में संगठन को और मजबूत करने और चुनावी राज्यों की रणनीति पर चर्चा होगी।

### पार्टी में गुटबाजी को दूर करना बड़ी चुनौती

जेपी नड्डा के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्यों में विभिन्न गुटों में बंटे भाजपा नेताओं को एकजुट करने की है। छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह का विरोधी गुट सक्रिय है, वैसे ही राजस्थान में वसुंधरा राजे विरोधी गुट भी सक्रिय है। दोनों राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है। दोनों राज्यों में भाजपा सत्ता में वापसी की रणनीति बना रही है। गुटबाजी को देखते हुए दोनों राज्यों में सीएम फेस को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय नेता कह चुके हैं कि चुनाव पीएम मोदी और कमल के फूल पर ही लड़ा जाएगा और चुनाव में जीत के बाद सीएम का चेहरा तय होगा।

## खास खबर

### भाजपा में जाने का अभी कोई फैसला नहीं, हार्दिक बोले- कांग्रेस सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** कांग्रेस छोड़ चुके गुजरात के नेता हार्दिक पटेल ने कहा है कि उन्होंने अभी भाजपा में जाने के बारे में कोई फैसला नहीं किया है। राज्य के कई कांग्रेस नेता पार्टी से नाराज है। कांग्रेस में सच बोलो तो बड़े नेता बदनाम करते हैं। गुजरात के कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष रहे पटेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी है।

हार्दिक पटेल ने गुरुवार को अहमदाबाद में पत्रकारों से चर्चा में यह बातें कहीं। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस से इस्तीफा देकर पार्टी की राज्य इकाई को बड़ा झटका दिया है। पाटीदार नेता ने कहा कि गुजरात में चाहे पाटीदार समुदाय हो या कोई अन्य समुदाय, उन्हें कांग्रेस में भुगतना पड़ा है। कांग्रेस में सच बोलो तो बड़े नेता आपको बदनाम करेंगे और यही उनकी रणनीति है।

#### गुजरात में कई नेता और विधायक कांग्रेस से नाराज

गुजरात में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य में भाजपा 22 साल से सत्ता में है। कांग्रेस व खासकर राहुल गांधी ने हार्दिक पटेल को बड़े अरमानों से पार्टी में शामिल किया था। हार्दिक पटेल ने गुरुवार को कहा कि सिर्फ वह ही कांग्रेस से नाराज नहीं हैं, बल्कि गुजरात में कई नेता और विधायक कांग्रेस से नाराज हैं। वे पार्टी का इस्तेमाल करते हैं। सत्ता में बैठने और पार्टी की प्रशंसा करने का मतलब यह नहीं है कि पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री बना सकती है।

#### कांग्रेस ने मेरी उपेक्षा की

पटेल ने कहा कि कांग्रेस में चर्चा है कि बोर होने पर लोग उसे वोट देंगे। मैंने राहुल और प्रियंका गांधी से बात की थी और गुजरात की समस्याओं का जिक्र किया था। उन्होंने मुझसे पूछा और मैंने उन्हें बताया। इसके बाद से मेरी उपेक्षा की गई। मैंने दुखी होकर नहीं, बल्कि हिम्मत से पार्टी छोड़ने का फैसला किया।

## भाजपा नेता बोले-छत्तीसगढ़ में भी होनी चाहिए मस्जिदों में खुदाई अजान पर बघेल सरकार को घेरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देशभर में लाउडस्पीकर विवाद बढ़ता जा रहा है। महाराष्ट्र के बाद अब छत्तीसगढ़ में अजान की आवाज को लेकर सियासत शुरू हो चुकी है। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अजान की आवाज को लेकर कहा कि अन्य राज्यों में अजान की लाउड स्पीकर की आवाज कम कर दी गई है। तो क्या मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में भी अजान की आवाज कम करवा पाएंगे?



कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने विधेयक (पूजा के स्थान अधिनियम) लाया। 2001 से पहले ज्ञानवापी में भगवान शिव की पूजा की जाती थी लेकिन उस बिल की वजह से नमाज होने लगी। आज भी मस्जिद के सामने नंदी महाराज बैठते हैं।

वहीं बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर सियासी हलचल तेज हो गई है। बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस नेताओं के लिए बीते दो दिनों में दो बार ऐसी भाषाशैली का उपयोग किया है, जिसकी आलोचना हो रही है। बीते 16 मई को जेल भरो आंदोलन के दौरान रायपुर में बृजमोहन के नेतृत्व में ही प्रदर्शन हो रहा था। प्रदर्शन के दौरान बृजमोहन को उनके समर्थकों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस दौरान मीडिया से चर्चा में बृजमोहन ने कांग्रेसियों को नामर्द निक्कमा कह दिया।

इसके बाद अगले ही दिन 17 मई को बृजमोहन अग्रवाल का एक और बयान चर्चा में है। बृजमोहन अग्रवाल ने कह दिया कि कांग्रेस सरकार को ठीक से हनीमून मनाने नहीं आता। दरअसल बीजेपी के अचानक से आक्रमक होने के सवाल पर पूर्व मंत्री ने कहा कि हमने सरकार को दो साल का समय हनीमून मनाने के लिए दिया था, मगर सरकार को ठीक से हनीमून मनाने नहीं आता। आज सरकारी से लेकर गैर सरकारी संगठन तक सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। जो बीजेपी की जीत है।

## पति फोन पर बोला तलाक तलाक तलाक, मजाक समझी पत्नी अब लगा रही थाने के चक्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में तीन तलाक का मामला सामने आया है। एक महिला ने जिले के कुनकुरी पुलिस थाने में तीन तलाक की शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी कुनकुरी भास्कर शर्मा ने बताया कि एक महिला ने शिकायत की कि उसके पति ने उसे फोन पर तीन तलाक दिया है। उसने 2007 में झारखंड के इलताफ आलम से शादी की थी। पुलिस के मुताबिक, शादी के इतने साल बाद भी बच्चा पैदा नहीं होने से ससुराल वाले महिला से नाराज थे। बच्चा पैदा न होने की वजह से ससुराल वाले महिला को ही जिम्मेदार ठहरा रहे थे।



महिला ने पुलिस को बताया कि झारखंड में ही घर से दूर नया व्यवसाय शुरू करने की बात कहकर 3 अक्टूबर 2021 को पति इलताफआलम ने उसे जशपुर मायके में छोड़ दिया। इसके बाद 19 अक्तूबर 2021 को उसे फोन किया। कॉल पर बातचीत के दौरान उसने कहा कि मैं तुम्हें तलाक देता हूं। तलाक..तलाक..तलाक.. इस बात को मैंने मजाक में लिया। इसके बाद दिसंबर 2021 में मैं अपने ससुराल बालूमात लातेहार गई। वहां ससुराल वाले मेरे साथ बातचीत नहीं किए। कुछ देर बाद मुझे पता चला कि मेरे पति ने झांसी की रहने वाली एक दूसरी लड़की से शादी कर ली है। कई बार पति से बातचीत करने की कोशिश की। उसने कहा कि मैंने तुम्हें तलाक दे दिया है।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने लातेहार झारखंड निवासी महिला के पति इलताफ आलम और ससुर इश्तियाक आलम के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान की जमीन पर खड़ी है शाही ईदगाह!

# अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री का दावा कोर्ट ने किया स्वीकार

**मथुरा ( एजेंसी )।** मथुरा में जिला जज राजीव भारती की अदालत द्वारा बृहस्पतिवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान ईदगाह प्रकरण के सबसे पहले पेश किए गए वाद के संबंध में निर्णय दिया गया। वाद की स्वीकारोक्ति को लेकर जिला जज की अदालत में रिवीजन में सुनवाई हुई, जिसके बाद अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री का दावा कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। दावा किया था कि श्री कृष्ण जन्म भूमि की जमीन पर ही ईदगाह बनी हुई है।

इस मामले में डीजीसी शिवराम तरकर ने बताया कि वाद को एडमिट कर लिया गया है। जिला जज अब किस कोर्ट को सुनवाई के लिए यह प्रकरण देंगे, अभी फैसला नहीं लिया गया।

बता दें रंजना अग्निहोत्री सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता हैं। राम जन्मभूमि अयोध्या प्रकरण में भी उनके द्वारा अदालत में वाद दायर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता द्वारा श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर दावा किया गया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि यह जमीन श्रीकृष्ण जन्मस्थान की है और जहां पर शाही ईदगाह खड़ी है, वहां भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान और मंदिर का गर्भ ग्रह है। वाद की पैरवी करने वाले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि न्यायालय ने बहस के बाद संबंधित निर्णय को रिजर्व कर लिया गया है। बृहस्पतिवार को निर्णय दिया गया।



#### वाद किया था पेश

अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री द्वारा अदालत में पेश वाद में शाही ईदगाह मस्जिद की जमीन को श्री कृष्ण विराजमान की संपत्ति माना है और उन्होंने अदालत से कहा है कि यह संपत्ति श्रीकृष्ण विराजमान को सौंपी जानी चाहिए। वह खुद श्रीकृष्ण विराजमान की भक्त बन कर सामने आई हैं। अदालत में सबसे पहले इस संबंध में वाद पेश करने वाली सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता द्वारा पूर्व में श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट तथा शाही ईदगाह मस्जिद से संबंधित पदाधिकारियों के बीच में समझौते को गलत बताया।

#### 5 मई को हुई थी बहस

5 मई को वादी की ओर से अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन तथा अन्य द्वारा जिला जज की अदालत में बहस की गई। शाही ईदगाह मस्जिद के सचिव एडवोकेट तनवीर अहमद सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी अदालत में अपना पक्ष रखा। दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद जिला जज राजीव भारती ने निर्णय को रिजर्व करते हुए निर्णय के लिए 19 मई तय की थी। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि अदालत में हमने अपना पक्ष रखा है।

## नक्सल प्रभावित बीजापुर में एक लाख रूपये के इनामी सहित तीन नक्सली गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में बुधवार को तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम है। बीजापुर जिले की पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बासागुड़ा और गंगालूर थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई में पुलिस ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जिले में माओवादी विरोधी अभियान के तहत बुधवार को बासागुड़ा थाना के जिला बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तिमापुर और पुतकेल गांव की ओर रवाना किया गया था। अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कुलीन कोबरा इकाई, सीआरपीएफ की 85वीं बटालियन और जिला पुलिस की संयुक्त टीमें अभियान में शामिल थीं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने अभियान के तहत पुतकेल गांव के निकट से दो माओवादियों बाड़से बुधरा (25) और माड़वी भीमा (29) को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों ने गंगालूर थाना क्षेत्र में एक अन्य नक्सली तुलसीराम मदियम (21) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकरियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ अपहरण, हत्या एवं लूट की घटना में शामिल होने का आरोप है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाड़से बुधरा के सर पर एक लाख रुपये का इनाम है। वह माओवादियों के स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) का सदस्य है, जबकि माडवी और मदियम मिलिशिया के सदस्य हैं। अधिकारी ने कहा कि बडसे जनवरी 2022 में एक ग्रामीण की हत्या में शामिल था, जबकि मदियम दिसंबर 2020 में अपहरण, हत्या और लूटपाट की घटनाओं में शामिल था।

### मनसे की धमकी से डरी उद्धव सरकार, औरंगजेब के मकबरे को 5 दिनों तक बंद रखने का लिया फैसला

**मुंबई ( एजेंसी )।** राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना(मनसे) की धमकी के बाद उद्धव सरकार ने औरंगाबाद स्थित औरंगजेब के मकबरे को पांच दिनों तक बंद रखने का फैसला लिया है। इसकी जानकारी राज्य के उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार ने दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो इसके लिए मुगल बादशाह औरंगजेब का मकबरा 5 दिनों तक बंद रहेगा। दरअसल, राजठाकरे की पार्टी एमएनएस ने धमकी देते हुए कहा था कि उद्धव ठाकरे सरकार मुगल शासक औरंगजेब के मकबरे को ध्वस्त कर दे। एमएनएस ने कहा कि शिवाजी की धरती पर औरंगजेब का क्या काम? इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद के खुलदाबाद में औरंगजेब के मकबरे के आसपास पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी।

## मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर...

## बीजेपी करेगी प्रदेशभर में आयोजन, 26-27 मई को होगी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 26 और 27 मई को होगी। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश, भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और सह प्रभारी नितिन नवीन शामिल होंगे। 2 दिवसीय बैठक में बूथ कार्य विस्तार योजना की समीक्षा की जाएगी। 30 मई को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 3 वर्ष व कुल 8 वर्ष पूरे होने पर 15 दिनों का कार्यक्रम और मिशन-2023 के मद्देनजर मंत्रणा की जाएगी।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की यह बैठक छत्तीसगढ़ में अगले साल होने वाले चुनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी पारी में 30 मई को शपथ ग्रहण किया था। ऐसे में पार्टी पखवाड़ेभर तक आयोजन करने की तैयारी में है। पीएम मोदी की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा जाएगा। पार्टी के कार्यविस्तार योजना को लेकर भी मंथन किया जाएगा। कार्यसमिति की बैठक के बाद कोर ग्रुप की भी बैठक होगी। कुल मिलाकर बैठक में संगठन को गांव-गांव व बूथ स्तर तक मजबूत करने व प्रदेश सरकार को आक्रमक रूप से घेरने की रणनीति बनेगी।



### मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने की योजना

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। पांच राज्यों में मिली शानदार सफलता और छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उसी तर्ज पर काम करने पर चर्चा होगी। डॉ. रमन ने बताया कि 30 मई को मोदी सरकार के कार्यकाल के 8 साल पूरा हो रहा है। सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में चल रहे संगठनात्मक गतिविधियां, विस्तारक योजना, शक्ति केंद्रों, कमजोर बूथों व गांव-गांव तक पहुंचने की योजना पर चर्चा की जाएगी।



## संपादकीय

# महंगाई पर लगे लगाम

भारत जैसे विकासशील देश में महंगाई का तेजी से बढ़ना न केवल चिंताजनक, बल्कि दुखद भी है। मोटे तौर पर भारत में करीब 25 फीसदी लोग गरीब की श्रेणी में आते हैं, मतलब करीब 32 करोड़ लोग गरीब हैं। यह वर्ग महंगाई से सर्वाधिक प्रभावित होता है। वैसे तो स्वयं सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज योजना के योग्य माना है। अत: सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि देश में करीब पचास करोड़ लोग ही होंगे, जिन पर महंगाई का खास असर नहीं होता होगा। या इन्हीं पचास करोड़ लोगों में ऐसे अमीर भी हैं, जिनकी कमाई में आपदा के समय भी दिन-दूनी रात-चौगुनी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन यह अमीरी हमारी अर्थव्यवस्था का एक पक्ष है, और शायद इन्हीं अमीरों के हाथों में देश की अर्थव्यवस्था की कमान है। शायद इसीलिए महंगाई के बारे में अभी भी ज्यादा चिंता का इजहार नहीं दिख रहा है। महंगाई के खिलाफ कोई भी पार्टी सड़कों पर नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक दरों में कुछ बढ़ोतरी की थी, लेकिन उसके बावजूद यह बता दिया था कि महंगाई बढ़ेगी। पिछले वर्ष की आखिरी तिमाही में ही महंगाई के समाधान के लिए कदम उठाने की मांग हो रही थी, लेकिन महामारी की आपदा से आहत अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए महंगाई को सोची-समझी रणनीति के तहत बढ़ने दिया गया।

> “ युद्ध से हमारे आर्थिक लाभ सीमित हैं, जबकि युद्ध रुकने के फायदे ज्यादा हैं। किसी भी सूरत में भारत की विकास दर नौ प्रतिशत के आसपास होनी चाहिए, जैसा कि पहले विश्व बैंक ने अनुमान लगाया था। अब भारत की सफलता इसी में है कि वह विकास दर को ज्यादा और महंगाई दर को कम रखे।

नतीजा सामने है। खुदरा मूल्य सूचकांक 7.79 प्रतिशत पर है। वैसे यह सरकारी आंकड़ा है, वस्तु स्थिति कुछ और प्रतिकूल होगी। गौर करने की बात है कि उत्तर प्रदेश, झारखंड में महंगाई दर राष्ट्रीय महंगाई दर से ज्यादा है, जबकि बिहार में महंगाई दर राष्ट्रीय औसत से कम है। मध्य प्रदेश महंगाई के मामले में सबसे आगे चल रहा है। दिल्ली में महंगाई दर अपेक्षाकृत कम है, ऐसा सरकारी आंकड़े बता रहे हैं। यह अपने आप में सोचने वाली बात है कि राज्यों के बीच महंगाई दर में ढाई प्रतिशत तक का अंतर क्यों दिख रहा है? क्या इस अंतर को कम किया जा सकता है? क्या कुछ राज्य अपने लोगों को राहत देने के मोर्चे पर अपेक्षाकृत आगे हैं? क्या दिल्ली और उत्तराखंड की सरकारें अपने लोगों को ज्यादा राहत दे रही हैं? चिंता इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि पिछले साल इसी समय में महंगाई दर आज से आधी थी। बेशक, अर्थव्यवस्था में तेजी आई है, लेकिन कहीं ऐसा न हो कि अर्थव्यवस्था की सारी बहाली को महंगाई लील जाए।

जिन लोगों पर महंगाई का असर सर्वाधिक हो रहा है, उन्हें आश्वस्त करना जरूरी है। आने वाले दिनों में क्या महंगाई और बढ़ेगी? यदि ऐसी आशंका भारतीय रिजर्व बैंक को है, तो उसे जरूरी कदम उठाने चाहिए। घरेलू स्थितियों और युद्ध का असर साफ दिखने लगा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की विकास दर के अनुमान को 7.8 प्रतिशत से घटाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। ऐसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भारत की क्षमताओं का उदार आकलन कर रही हैं। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुर्द्रास्फीति 6.9 फीसदी रह सकती है। यह जरूरी है कि किसी भी स्थिति में भारत में महंगाई दर इस अनुमान से ज्यादा न हो। भारत को युद्ध समाप्त कराने के लिए भी ज्यादा प्रयास करने चाहिए। युद्ध से हमारे आर्थिक लाभ सीमित हैं, जबकि युद्ध रुकने के फायदे ज्यादा हैं। किसी भी सूरत में भारत की विकास दर नौ प्रतिशत के आसपास होनी चाहिए, जैसा कि पहले विश्व बैंक ने अनुमान लगाया था। अब भारत की सफलता इसी में है कि वह विकास दर को ज्यादा और महंगाई दर को कम रखे।

## सबकी नजर मनोनीत सीटों पर

राज्यसभा में मनोनीत श्रेणी की सात सीटें खाली हुई हैं। सुब्रह्मण्यम स्वामी, स्वपन दासगुप्ता, रूपा गांगुली, सुरेश गोपी, मैरीकॉम, नरेंद्र जाधव और छत्रपति संभाजी रिटायर हुए हैं। इनमें से चार सांसदों ने मनोनीत होने के बाद अपने को भाजपा का सदस्य घोषित कर दिया था। बाकी तीन लोग स्वतंत्र थे। माना जा रहा है कि भाजपा इस बार सभी सात सीटों पर ऐसे लोगों को मनोनीत करेगी, जो शपथ लेने के साथ ही अपने को भाजपा का सदस्य घोषित कर सकते हैं। ऐसा होगा तो मनोनीत श्रेणी के सांसदों में भाजपा के 11 सांसद हो जाएंगे। अभी बचे हुए पांच सांसदों में से पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को छोड़ कर बाकी चार सांसदों ने अपने को भाजपा का सदस्य घोषित किया हुआ है। सवाल है कि वे कौन सात लोग हैं, जिनको भाजपा उच्च सदन में मनोनीत करेगी। किसी को किसी नाम का अंदाजा नहीं है। पर रिटायर हुए सांसदों क्षेत्रीय समीकरण और अगले कुछ दिन में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि किस राज्य से मनोनीत श्रेणी में सांसद आएंगे।

> “ अब मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में वृद्धि और तरलता को कम करने के लिए थोड़ा दबाव है। सरकार अगर पेट्रो पदार्थों की कीमतों को उपभोक्ताओं से साझा करे, तो सरकारी खजाने के लिए दुविधा खड़ी हो जाएगी। खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के खिलाफकुछ किया जाए, तो किसानों की आय को नुकसान पहुंचेगा। वाकई, भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रही है।

# रिकॉर्डतोड़ बढ़ती कीमतों के मायने

रोशन किशोर, आर्थिक समीक्षक

भारत की थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में 15.08 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो पिछले 27 वर्षों में सबसे अधिक है। इतनी महंगाई के लिए बड़े पैमाने पर बिजली और ईंधन की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी मुख्य रूप से जिम्मेदार है। महंगाई दर लगातार 13वें महीने में दोहरे अंकों में रही है। महंगाई के अंतर्निहित कारणों में वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला में बाधा और यूक्रेन युद्ध भी शामिल हैं। 12 मई को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने डाटा जारी किया, जिसमें यह दिखाया गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति, जैसा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापा गया था, जो इस अप्रैल में 7.79 प्रतिशत थी, वह अप्रैल 2014 के 7.87 प्रतिशत के बाद उच्चतम स्तर पर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा 17 मई को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि थोक मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति अप्रैल में 15.08 प्रतिशत हो गई है। यह मार्च 1995 के बाद से भारत में सबसे अधिक थोक मुद्रास्फीति दर है।

थोक कीमतों से बढ़ती महंगाई को ठीक से समझा जा सकता है। मिसाल के लिए, अप्रैल 2011 में जो चीज 100 रुपये की थी, वह नवंबर 2020 में 125 रुपये की हो गई, 100 रुपये को 125 रुपये तक पहुंचने में 115 महीने लग गए। लेकिन इसके बाद के 17 महीनों में यानी अप्रैल 2022 में वही चीज 150 रुपये से ज्यादा की हो गई। मतलब विगत कुछ ही महीनों में महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है। आखिर थोक कीमतों में इतनी तेज वृद्धि के क्या कारण हैं? इस तेजी के अनेक कारण हैं। थोक मूल्य सूचकांक की सभी तीन मुख्य उप-श्रेणियों : प्राथमिक वस्तुओं (22.6 प्रतिशत भार), ईंधन व बिजली (13.15 प्रतिशत भार) और विनिर्मित उत्पादों (64.23 प्रतिशत भार) में नवंबर 2021 के बाद से मुद्रास्फीति दोहरे अंकों में बढ़ रही है। हालांकि, केवल ईंधन और बिजली उप-श्रेणी की बात करें, तो अक्तूबर 2021 से हर महीने महंगाई 30 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर्शा रही है। अप्रैल 2022 में लगातार छठे महीने गेहूं की थोक कीमत दोहरे अंकों (10.7 प्रतिशत) में बढ़ी है।

तथ्य यह है कि खाद्य कीमतें अब गैर-खाद्य कीमतों से पिछड़ रही हैं, इसका मतलब यह भी है कि किसानों को इस समय व्यापार की शर्तों या भुगतान की कीमतों के अनुपात में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत नहीं है। गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने जैसे नीतिगत फैसले इस आशंका को बढ़ा सकते हैं और इससे समग्र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में भी मामूली लाभ होगा। बहुत कम उत्पादन और मूल्य के प्रतिकूल होने से ग्रामीण कृषि मांग पर असर पड़ेगा। असल में, गेहूं निर्यात प्रतिबंध जोखिम को कम कर सकता है, पर सकल घरेलू उत्पाद के मोर्चे पर जोखिम बढ़ा देता है।




निश्चित रूप से भारत इस समय उच्च मुद्रास्फीति या महंगाई का सामना करने वाला एकमात्र देश नहीं है। कोविड-19 महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला में लगातार व्यवधान आ रहा है। चीन में नवीनतम प्रकोप के बाद स्थितियां बदतर हुई हैं। पहले से कमजोर आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है, विकसित देशों में मांग बढ़ गई है। इन सबसे ऊपर यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक ईंधन और खाद्य आपूर्ति में एक बड़ी बाधा पैदा कर दी है। यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि थोक मूल्य सूचकांक वास्तव में उपभोक्ताओं के बजाय उत्पादकों के बाजार का अधिक प्रतिनिधित्व करता है। यही कारण है कि थोक मूल्य सूचकांक में धातु और प्रमुख औद्योगिक रसायन जैसे उर्वरक शामिल हैं। इसमें व्यक्तिगत सेवाएं व आवास जैसी चीजें शामिल नहीं हैं। इसका मतलब है कि ये दोनों ही सूचकांक अलग-अलग उत्पादों की कीमतों के उतार-चढ़ाव को दर्शाते हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई भारत की बेंचमार्क मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 7.79 प्रतिशत थी। मतलब मई 2014 में वर्तमान सरकार के पदभार ग्रहण करने के बाद से अभी सबसे अधिक महंगाई है। ध्यान रहे, नवंबर 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार के समय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 11.5 प्रतिशत पर पहुंच गया था। अभी अधिकांश विश्लेषकों का अनुमान है कि मुद्रास्फीति दोहरे अंकों में नहीं पहुंचेगी। साल 2013-14 की तुलना में आज मुद्रास्फीति की स्थिति कितनी अलग है? जहां अतीत में खुदरा मूल्य सूचकांक की वृद्धि अधिक रही थी, वहीं थोक मूल्य सूचकांक इस समय अभूतपूर्व तेजी दिखा रहा है। इससे पता चलता है कि अभी महंगाई का असर उत्पादन या निर्माण पर ज्यादा है और उपभोक्ताओं पर थोड़ा कम। विशेषज्ञ मानते हैं कि उत्पादकों का एक वर्ग महंगाई के एक हिस्से को अभी भी खुद झेल रहा है और उनके उत्पाद के दाम समय के अनुकूल नहीं बढ़े हैं।

अभी हम भारतीय अर्थव्यवस्था में बेमेल मांग-आपूर्ति के बारे में क्या कह सकते हैं? अर्थशास्त्र की पाठ्यपुस्तकों की साफ-सुथरी दुनिया में मुद्रास्फीति या महंगाई ज्यादातर अल्पावधि में आपूर्ति की तुलना में अधिक मांग का नतीजा होती है। विश्व स्तर पर झटके के बावजूद भारत में इस समय मुर्द्रास्फीति को बढ़ाने में अतिरिक्त मांग का कितना योगदान है? इस संबंध में पूरे आंकड़े नहीं हैं, इसलिए इस प्रश्न का समाधान मुश्किल हो जाता है। क्या अभी देश में संगठित क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मजबूत सुधार का अनुभव हो रहा है? विनिर्माण और सेवा क्षेत्र, दोनों में जुलाई और अगस्त 2021 से विस्तार दिख रहा है। संगठित उद्योग जगत में क्षमता का भरपूर उपयोग हो रहा है। हालांकि, यहां भी डाटा छोटे नमूनों पर ही आधारित है, फिर भी संभावना है कि संगठित क्षेत्र का प्रदर्शन सुधरा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के कम से कम एक हिस्से ने हाल के दिनों में तेज मांग देखी है। फिर भी समग्रता में अभी मांग की पूरी वापसी नहीं हुई है। जो आंकड़े उपलब्ध हैं, वह संकेत करते हैं कि मूल रूप से उपभोक्ता समुदाय के एक बड़े हिस्से में मांग में गिरावट जारी है। शहरों के एक हिस्से में लोगों की क्रय शक्ति कम हुई है। इससे हमारी आर्थिक नीति के सामने चुनौती जटिल हो जाती है।

अब मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में वृद्धि और तरलता को कम करने के लिए थोड़ा दबाव है। सरकार अगर पेट्रो पदार्थों की कीमतों को उपभोक्ताओं से साझा करे, तो सरकारी खजाने के लिए दुविधा खड़ी हो जाएगी। खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति के खिलाफ कुछ किया जाए, तो किसानों की आय को नुकसान पहुंचेगा। वाकई, भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रही है।

# माइक्रोचिप निर्माता चंद देशों में शुमार हो सकता है भारत

एसपी गौड़, पूर्व अधिकारी, भाप्रसे

वाहन उद्योग संगठन सियाम के अनुसार, जनवरी 2021 में 1,53,244 गाड़ियों के मुकाबले इस जनवरी में केवल 1,26,144 गाड़ियों की आपूर्ति हो पाई। कम सप्लाई का कारण सिर्फ ओमीक्रोन नहीं था। बाजार में माइक्रोचिप की कमी है। माइक्रोचिप की कुल खपत का कारों में केवल 20 फीसदी इस्तेमाल होता है, पर ये जरूरी नैनो पुर्जे हैं। गुमान न था कि माइक्रोचिप की कमी का असर कारों या अन्य उत्पादों के निर्माण पर पड़ेगा। इन दिनों इसकी मांग आसमान छू रही है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के अलावा लगभग हर उत्पादन व कंट्रोल सिस्टम में चिप लग रहे हैं। हर बड़े देश की तरह भारत के औद्योगिक उत्पादन में भी सेमीकंडक्टर्स की भूमिका निर्णायक होने जा रही है।

भारत ने आउटसोर्सिंग व्यापार की नई व्यवस्था में सॉफ्टवेयर डिजाइन आदि करके अवसरों का भरपूर लाभ उठाया और सभी देशों में अग्रणी बना रहा। हमारे वैज्ञानिकों ने आईटी शोध व विकास में प्रगति बनाए रखी, सॉफ्टवेयर के हर आयाम में विशेषज्ञता हासिल की और विश्व में अच्छी-खासी साख बनाए रखी। दूसरी ओर, हार्डवेयर सेक्टर पर भारत के आईटी उद्योग और सरकार, दोनों ने ध्यान नहीं दिया। यह भूल थी। हम हार्डवेयर निर्माण क्षेत्र में पिछड़ गए।



भारत के सेमीकंडक्टर मिशन की स्थिति समझने के लिए सेमीकंडक्टर फेब्रिकेशन (फैब) के व्यापक अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को समझना होगा। गिने-चुने देश ही चिप का डिजाइन या निर्माण कर रहे हैं। 80 अरब डॉलर मूल्य की ताइवान सेमीकंडक्टर डिजाइन एवं अनुबंध निर्माण कंपनी (टीएसएमसी) फिलहाल सिरमौर है, जो विश्व की आधुनिक चिप की मांग की 92 फीसदी की आपूर्ति करती है। अमेरिकी एप्पल, एनवीडिया, क्वालकॉम और चीनी अलीबाबा आदि के चिप्स इसी कंपनी से आते हैं। चीन सेमीकंडक्टर्स नैनो चिप खुद बनाता है और आयात भी करता है। मूर लॉ के अनुरूप एक तरफतो हर दो साल में माइक्रोचिप्स का आकार महीन से महीनतर हो रहा है, तो दूसरी ओर उनकी कार्य क्षमता और उत्पादकता बढ़ रही है। फेब्रिकेशन में आधार धातु सिलिकॉन होता है, जिस पर एक विशेष प्रक्रिया से नक्काशी कर चिप, इंटीग्रेटेड सर्किट आदि बनाए जाते हैं। इस प्रक्रिया में भारी पूंजी के अलावा सिलिकॉन, अति शुद्ध जल व रसायन की अनवरत आपूर्ति चाहिए। यही समझते हुए दूरंदेशी देशों ने आवश्यक पदार्थों की आपूर्ति का दीर्घकालीन जुगाड़ कर रखा है।

जाहिर है, आधुनिक चिप निर्माण की तकनीक अत्यंत जटिल है। फेब्रिकेशन प्लांट में पूरी प्रक्रिया परमाणु स्तर पर होती है। विशिष्ट रूप से निर्मित सिलिकॉन वरक, रसायन और उपकरण आदि जुटाने होते हैं। फिर शक्तिशाली कैमरे से ट्रैक करते हुए 50,000 प्रति सेकंड गति से अति महीन टीन वरक पर लेजर से ट्रांजिस्टर की नक्काशी की जाती है। यह काम एक एक्स्ट्रा अल्ट्रावॉयलेट शिलामुद्रण (लिथोग्राफी) मशीन करती है, जिसको दुनिया की केवल एक (डच) कंपनी बनाती है।

बेहतरीन डिजाइन क्षमता होते हुए भी भारत माइक्रोचिप आयात करता है, जिसमें पिछले वर्ष लगभग 30 अरब डॉलर खर्च हुआ। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर चिप के महत्व एवं भारी मांग को देखते इसके फेब्रिकेशन के लिए दिसंबर 2021 में कई निर्णय लिए। उद्योग के सर्वांगीण विकास के लिए इंडियन सेमीकंडक्टर्स मिशन (आईएसएम) गठित किया गया, जिसे 10 अरब डॉलर की धनराशि आवंटित की गई। एक चिप फाउंड्री डिजाइन व निर्माण में 10 से 20 अरब डॉलर का भारी पूंजी निवेश होता है, जिसके लिए 50 प्रतिशत ग्रांट सरकार देगी। कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स, सिलिकॉन फोटोनिक्स और सेंसर बनाने वाली कंपनी को पूंजीगत व्यय का 30 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा। साथ में, आईसी डिजाइन, चिपसेट्स सिस्टम और आईपी कोर कारखानों को पांच साल तक नेट बिक्री का चार से छह प्रतिशत अंशदान दिया जाएगा। देश की 100 कंपनियों व स्टार्टअप से डिजाइन लिंक प्रोत्साहन (डीएलआई) हेतु प्रस्ताव मांगे गए थे। भारत सरकार के प्रयास एवं विश्वसनीयता के चलते कई बड़ी कंपनियों ने लगभग 20.5 अरब डॉलर निवेश के प्रस्ताव दिए हैं।

आज के दिन चिप्स तेल की तरह है, जिसके बिना अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल सकती, बल्कि चिप के बिना गुजारा ही मुश्किल है। इतिहास गवाह है कि भारत ने कई अवसरों पर नई टेक्नोलॉजी न मिलने पर सफल स्वदेशी तकनीक विकसित की है। इसलिए सरकार ने जो अब पहल की है, वह भले ही देर से उठाई गई है, लेकिन सुखद है। भारत सेमीकंडक्टर चिप फेब्रिकेशन में शीघ्र आत्मनिर्भर बन भविष्य के सुनहरे अध्याय की आधारशिला रखेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



क्यूं धोखा देते हो?
उससे क्या होगा, छवि
बिगड़ेगी तुम्हारी,
तुमको ही ठग और
बेईमान समझा
जायेगा।

-अंजली जैन
7024460938

# कांग्रेसः न नेता और न नीति

वेद प्रताप वैदिक

कांग्रेस का चिंतन-शिविर समाप्त हो गया लेकिन क्या वह उसकी चिंता समाप्त कर पाया? कांग्रेस की चिंता तो अब भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। कांग्रेस की चिंता वास्तव में भारत के लोकतंत्र की भी चिंता है, क्योंकि सशक्त विरोधी दल के बिना कोई भी लोकतंत्र जल्दी ही प्रवाह पतित हो सकता है। वैसा लोकतंत्र बिना ब्रेक की मोटर गाड़ी बन जाता है। किसी भी पार्टी को सशक्त होने के लिए नीति और नेता की जरुरत होती है। हम देखें कि इस उदयपुर शिविर में से किस नीति का उदय हुआ है।

सोनिया गांधी ने कहा कि अब कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा चलाएगी। इस समय क्या भारत टूट रहा है? उसे जोड़ने की बजाय कांग्रेस को जोड़ना ज्यादा जरुरी है। कांग्रेस अंदर और बाहर दोनों तरफ से टूट रही है। स्वयं राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा है कि कांग्रेसी नेता हमेशा यही सोचते रहते हैं कि मुझे क्या मिला? (वैसे सोनिया, राहुल और प्रियंका को तो यह सोचने की जरूरत ही नहीं पड़ती है)। इसीलिए कांग्रेस हर प्रांत में अंदर से टूट रही है। मध्यप्रदेश में उसकी सरकार क्यों गिरी? राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्रियों की कुर्सियां क्यों डगमगाती रहती हैं? कांग्रेस के कई मुख्यमंत्री और मंत्री पार्टी छोड़कर विरोधी दलों में क्यों शामिल हो रहे हैं? इस वक्त कांग्रेस की सरकारें जिन प्रांतों में हैं, वे प्रांतीय नेताओं के दम पर टिकी हुई हैं। इसीलिए राहुल गांधी का यह कहना तर्कसंगत नहीं लगता कि भाजपा से सिर्फ अकेली कांग्रेस ही लड़ सकती है, वह एक मात्र अखिल भारतीय विरोधी पार्टी है और वह एक मात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास विचारधारा है। यहां कम्युनिस्ट पार्टी का जिक्र जरुरी नहीं है लेकिन क्या यह सत्य है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की कोई विचारधारा नहीं है? राहुल का कहना है कि भाजपा सिर्फ सत्तालोभी और देशतोड़ू पार्टी है। क्या कांग्रेस सत्तालोभी नहीं है?

भाजपा के पास तो सही या गलत, एक विचारधारा है लेकिन कांग्रेस के पास क्या है? न उसके पास गांधीवाद है, न समाजवाद है, न गरीबी हटाओ है और न ही 'भारत को महासंपन्न बनाओ' या 'महाशक्ति बनाओ' है। उसके पास सिर्फ सत्तारुढ़ दलों की लचर-पचर आलोचना है, जो लोगों के सिर पर से निकल जाती है। उसके नेताओं को इस समय देश की नहीं, खुद की चिंता है। इसी चिंता ने इस महान पार्टी को अब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना दिया है। उसी की देखादेखी लगभग सभी प्रांतों में पारिवारिक पार्टियां खड़ी हो गई हैं। इस चिंतन शिविर में एक भी वक्ता की हिम्मत नहीं पड़ी कि वह इस पारिवारिक प्रपंच के विरूद्ध मुंह खोले।

यह सुसंयोग है कि वर्तमान सत्तारुढ़ पार्टी अभी तक पारिवारिक प्रपंच में नहीं फंसी है, हालांकि वह भी लगभग उसी रास्ते पर चल पड़ी है। 50 साल से कम आयु के लोगों को प्रमुखता देने का इरादा तो ठीक है लेकिन उसमें से भी परिवारवाद की बू आ रही है।





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़






## खास खबर



### जब रिशिता ने भेंट की स्वरचित फोटो मुख्यमंत्री ने खूब की प्रशंसा

**सुकमा।** छिंदगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आम जन से संवाद किया। इस दौरान रिशिता सिंह ने मुख्यमंत्री बघेल को एक मनमोहक फोटो पोर्ट्रेट भेंट की। उसने बड़े ही गर्व से बताया की उसने यह तस्वीर खुद अपने हाथों से बनाई है। इस पर भेंट को स्वीकारते हुए मुख्यमंत्री ने रिशिता को स्नेह दिया और खूब तरक्की करने का आशीर्वाद भी। उन्होंने कहा की सुकमा ही नहीं अपितु संपूर्ण बस्तर के निवासी हस्त कला और शिल्प कला के धनी है। उनमें यह गुण बचपन से ही होता है, बस जरूरत होती है उन्हे और तराशने की और संवारने की।

22 वर्षीय रिशिता सिंह, सुकमा शांति नगर की निवासी है। उन्होंने अपनी पढ़ाई जगदलपुर से की है। उसने बताया की वह भविष्य में जियोलॉजिस्ट बनकर अपने पिता रजनीश सिंह और माता जी श्रीमती पूनम सिंह का नाम करना चाहती है। रिशिता ने बताया की उसने 2016 से प्रोफेशनल पेंटिंग की शुरुआत की और आज वो बच्चों को सिखाती भी है। उसने 26 घंटे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जीवंत फोटो बनाई। रिशिता ने बताया की उसने मुख्यमंत्री से जिले में कला के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों के लिए एकेडमी खोलने की मांग की, जिसपर मुख्यमंत्री बघेल ने जिले में केंद्र खोलने का आश्वासन दिया।

# कभी नक्सली कमांडर रहे मड़कम ने कहा: मुख्यमंत्री जी आपने सड़क, कैम्प और स्कूलों को सुधारकर बदल दी है नक्सल प्रभावित इलाके की तस्वीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

### मेरे बच्चे पढ़ रहे इंग्लिश मीडियम स्कूल में और जी रहे अच्छी लाइफस्टाइल

### मड़कम मुदराज ने मुख्यमंत्री को सुनाई आपबीती........कहा आत्मग्लानि में किया सरेंडर...पहले एसपीओ बना और आज हूं इंस्पेक्टर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री जी आपने सड़क, कैम्प और स्कूलों को सुधारकर नक्सल प्रभावित इलाके की तस्वीर बदल दी है। अब यहाँ लोगों में नक्सलियों का खौफ नहीं बल्कि आगे बढ़ने की चाहत है। यहां के लोग सरकार की योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं।



कभी नक्सली संगठन में कमांडर रहे मड़कम मुदराज ने कोंटा में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आप बीती सुनाई और कहा कि मैं आपसे हाथ मिलाना चाहता हूं। इस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता से मड़कम के कंधे पर हाथ रखा और हाथ भी मिलाया। मुख्यमंत्री ने मड़कम के मुख्यधारा में लौटने पर सराहना की और उनके लिए ताली भी बजवायी। मड़कम के हाथों में बंदूक पहले भी थी और आज भी है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले खौफ ग्रामीणों में था और आज नक्सली इनके नाम से कांपते हैं।

मड़कम ने बताया कि वे राह भटककर नक्सली संगठन में शामिल हो गए थे। लेकिन अपने ही भाई बन्धुओं का खून बहाने से आत्मग्लानि के चलते नींद नहीं आती थी। फिर एक दिन आत्मसमर्पण करने की ठान ली। आत्मसमर्पण के बाद एसपीओ बने। इसके बाद सिपाही, एएसआई, एसआई और अब डीआरजी में इन्स्पेक्टर हैं।

### पत्नी को भी दी थी नक्सली ट्रेनिंग

मड़कम बताते हैं कि कभी उनकी पत्नी भी उनके साथ संगठन में थीं। मैं ही उसे ट्रेनिंग देता था लेकिन हम दोनों ने तय किया कि अब खून-खराबे की जिंदगी नहीं जीना है। जिनके खिलाफहमने बन्दूक उठाई है वे हमारे ही भाई-बहन हैं। मुख्यधारा में लौटकर अच्छा जीवन जीना है।

### आज बच्चे जी रहे अच्छी लाईफस्टाइल

मड़कम कहते हैं कि आज वे उच्च पद पर पहुँच गए हैं। सैलरी भी अच्छी है। इस कारण बच्चों को अच्छे से पढ़ा पा रहे हैं। मेरे तीनों बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रहे हैं और अच्छी लाइफस्टाइल जी रहे हैं। सब चीजों की कल्पना भी नहीं कर सकता था।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समर्पित की 100 देवगुड़ियां, 5 करोड़ की लागत से कराया गया जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

### मुख्यमंत्री ने मुसरिया माता की पूजा-अर्चना की

### प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना दो देवगुड़ियों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए हुआ भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम अभियान के तहत सुकमा जिले छिन्दगढ़ पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां मुसरिया माता का दर्शन एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सुकमा जिले की 100 देवगुड़ियां समर्पित की। आदिवासियों के आस्था के केन्द्र इन देवगुड़ियों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभी हाल ही में 5 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है।



मुख्यमंत्री ने इस मौके पर दो देवगुड़ियों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन भी किया। इन दोनों देवगुड़ियों की मरम्मत एवं रंगरोगन का कार्य 10 लाख रूपए की लागत से होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर देवगुड़ियों के पुजारियों से भेंट-मुलाकात की और उन्हें उपहार स्वरूप धोती, कुर्ता और पगड़ी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने मुसरिया माता मंदिर प्रांगण में बरगद के पौधे का रोपण भी किया। इस अवसर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने मल्हार के देउर मंदिर में मनाया विश्व संग्रहालय दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर सर्किल द्वारा मस्तूरी विकासखंड स्थित मल्हार के पुरातात्विक महत्व वाले भीम-कीचक मंदिर (देउर मंदिर) परिसर में विश्व संग्रहालय दिवस पर विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलेंटियर्स की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य अधिकारी सह छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के पदेन उपसचिव डॉ. समरेंद्र सिंह रहे । लोगों में जागरूकता निर्माण के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों व एनएसएस के अधिकारियों द्वारा हेरिटेज वॉक किया गया। इसके तहत जागरूकता बैनर के साथ देउर मंदिर परिसर से पातालेश्वर मंदिर तक वॉक किया हुआ। वॉक के बाद पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. करबी साहा ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा लोगों को संग्रहालय के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से पूरे देश में जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत रायपुर सर्किल द्वारा पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मल्हार में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2022 का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा (पीआईबी)। बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए एनटीपीसी कोरबा द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत की गयी। एनटीपीसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन कोरबा ज़िला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोरबा ज़िले के ज़िला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज के साथ साथ एनटीपीसी कोरबा से मुख्य महाप्रबंधक पी एम जेना, अन्य महाप्रबंधक गण, मति राज जेना (अध्यक्ष, मैत्री महिला समिति) एवं हीरो माइंड माइन संस्थान के सदस्य उपस्थित थे।




स्वागत सम्बोधन के पश्चात नूतन कंवर जी एवं अन्य वरिष्ठ अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

तत्पश्चात, एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक पी एम जेना ने बालिका सशक्तिकरण अभियान का संक्षिप्त में परिचय दिया और कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत एनटीपीसी, बालिकाओं के लिए एक माह की आवशीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की आयोजन कर रहा है जिसमे पढ़ाई लिखाई के साथ साथ रचनात्मक कार्य जैसे चित्र कला, ड्राइंग एवं पेंटिंग, गायन, नृत्य, अभिनय, योगासन एवं आत्मरक्षा आदि सीखाया जाएगा। इस एक माह व्यापी प्रशिक्षण के उपरांत आखिर में उनका मूल्याकन भी किया जाएगा। बालिका सशक्तिकरण अभियान के द्वारा एनटीपीसी, इन छोटी छोटी बालिकाओं को जीवन में आगे बढ्ने कि कला सीखने के लिए प्रयत्नशील है।

कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि नूतन कंवर ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी का बालिका सशक्तिकरण अभियान एक सार्थक पहल है एवं बच्चियों की प्रतिभा को निखारने का लक्ष्य रखता है। अपने जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों से उबर कर आगे बढ़ने के अनुभव से मैं परिचित हूँ एवं इन बच्चियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ।

एक माह तक चलने वाले बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं को सशक्त बनाने के साथ ही उन्हे बुनियादी शिक्षा, योग, कला, स्वास्थ्य, कौशल, आत्मरक्षा, फ़ाइन आर्ट्स जैसे विषयों के बारे में जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से एनटीपीसी ने खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में फैली रूढ़िवादी अवधारनाओं को दूर करने और बालिका भ्रूण हत्या जैसी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। यह अभियान बालिकाओं के सशक्तिकरण के साथ साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का काम भी करता है। इस अभियान के तहत, बच्चों को अपनी प्रतिभा एवं क्षमता दर्शाने का मौका मिलता है।

प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर: एनटीपीसी कोरबा ने आस पास और ग्रामीण क्षेत्रों के 120 बालिकाओं का नामांकन किया है। इन बालिकाओं को न सिर्फ अकादमिक क्षेत्र में बल्कि योगा, आत्मरक्षा, फाईन आर्ट्स में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे बालिकाओं में रचनात्मक सोच और टीम भावना का विकास होगा। एनटीपीसी यह प्रशिक्षण 18 मई से लेकर 16 जून 2022 तक चलेगा. 35 प्रोजेक्ट लोकेशन्स पर इस पहल को बढ़ाने की है योजना:: एनटीपीसी लिमिटेड परियोजना के आसपास के गांव की बालिकाओं के उत्थान के प्रयासों के तहत कंपनी ने इस साल लगभग 35 प्रोजेक्ट लोकेशन्स पर इस पहल को बढ़ाने की योजना बनाई है।

# पहुंचविहीन क्षेत्रों के 193 उचित मूल्य दुकानों के लिए 246 किलोलीटर केरोसीन अबांटन जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार वर्षाकाल में पहुंचविहीन केन्द्रों में केरोसीन के अग्रिम भण्डारण के लिए आबंटन जारी किया है। खाद्य विभाग द्वारा बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, सुकमा, मुंगेली, रायगढ़, कवर्धा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा और सूरजपुर जिले के 193 उचित मूल्य दुकानों के लिए 246 किलोलीटर केरोसीन आबंटन किया गया है। इन जिलों में 30 मई तक केरोसीन का भण्डारण करने को कहा गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्षाकाल में पहुंचविहीन हो जाने वाले बीजापुर के 4 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 6 माह के लिए, सुकमा जिले के 19 दुकानों में 7 माह के लिए, धमतरी जिले के 4 दुकानों में 5 माह के लिए, गरियाबंद जिले के 11 पहुंचविहीन दुकानों में से एक दुकान में 6 माह के लिए तथा शेष 155 उचित मूल्य दुकानों में 4 माह के केरोसीन का अग्रिम भण्डारण के लिए आबंटन जारी किया गया है। जारी किए गए आबंटन में बस्तर जिले के 3 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 3 किलोलीटर, बीजापुर जिले के 4 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 5 किलोलीटर, दंतेवाड़ा जिले के 4 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 6 किलोलीटर, कांकेर जिले के 30 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 29 किलोलीटर, कोण्डागांव जिले के 4 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 4 किलोलीटर, नारायणपुर जिले के 47 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 42 किलोलीटर, सुकमा जिले के 19 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 46 किलोलीटर, दंतेवाड़ा जिले के 9 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 10 किलोलीटर, रायगढ़ जिले के एक पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 2 किलोलीटर, कवर्धा जिले के 2 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 2 किलोलीटर, राजनांदगांव जिले के 8 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 9 किलोलीटर केरोसीन शामिल है। सूरजपुर जिले के 14 पहुंचविहीन उचित मूल्य के दुकानों के लिए 15 किलोलीटर केरोसीन का आबंटन शामिल है।









## खास खबर

### सौर सुजला योजनाः तीन वर्षो में लक्ष्य से अधिक 61,334 सोलर पंप किए गए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीति से कृषि के क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं। इससे किसान पारम्परिक खेती करने के साथ ही नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। क्रेडा के सौर सुजला योजना के माध्यम से खेतों में सोलर सिंचाई पम्प स्थापना की जा रही है। इससे सिंचाई क्षमता में वृद्धि होने से किसानों की आमदनी बढ़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत तीन वर्षों में सौर सुजला योजना के तहत 61 हजार 112 सोलर पंप देने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरूद्ध लक्ष्य से अधिक 61 हजार 334 सोलर पंप स्वीकृत किए गए है। जिसमें 4 हजार 188 सोलर पंप गौठान, चारागाह एवं गौशाला में स्थापित किये जा चुके हैं। मुख्य अभियंता क्रेडा ने बताया कि किसानों की मांग एवं आवश्यकता अनुसार निर्धारित लक्ष्यों के विरूद्ध अधिक सोलर पंप स्थापित किए गए हैं। स्वीकृत आवेदनों के उपरांत शेष आवेदनों को आगामी वर्ष में शामिल कर प्राथमिकता के आधार पर सोलर पंप स्वीकृत किया जाएगा। योजना के तहत हितग्राही चयन, पंप स्थापना व भुगतान की कार्यवाही शासन की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया जा रहा है।

### मनरेगा के तहत 172 करोड़ रूपए से अधिक की अभिसरण कार्य योजना

**रायपुर।** प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने औसत मानव दिवस में वृद्धि के लिए विभिन्न द्वारा लगभग 172 करोड़ से अधिक की आगामी अभिसरण कार्ययोजना तैयार की गई है इसके तहत चार हजार से अधिक कार्य प्रस्तावित किए गए हैं इनमें वन विभाग द्वारा 971, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 940, जल संसाधन विभाग द्वारा 540 और कृषि विभाग ने 2150 कार्य के तहत प्रस्तावित किए हैं। ग्रामीण विभाग विकास के अधिकारियों ने बताया की अभिसरण के अंतर्गत वन विभाग द्वारा पौध नर्सरी, वृक्षारोपण और आवर्ती चराई के लिए 116 करोड़ 22 लाख रूपये, ग्रामोद्योग के द्वारा सेरीकल्चर वृक्षारोपण और अर्जुन नर्सरी के लिए 15 करोड़ रूपये और जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की गाद निकासी, नहर लाईनिंग, स्टाफ डैम के 20 करोड़ रूपये के कार्य शामिल है। इसी तरह से कृषि विभाग द्वारा चैक डैम, अर्दन चैक डैम, डबरी, सिंचाई नाली, पर्कोलेशन टेंक, तालाब गहरी करण, भूमिगत डाईक, सोक पीट और लूज बोल्डर चैक डैम के लिए 21 करोड़ 17 लाख रूपए के कार्य मनरेगा की अभिसरण कार्ययोजना में शामिल किए गए हैं।

### दिल का जतन अच्छी सेहत के लिए जरूरी क्योंकि जान है तो जहान है

**रायपुर।** दिल शरीर का सबसे महत्वपूर्ण और नाजुक अंग है। सेहतमंद जिंदगी के लिए इसकी सावधानी से देखभाल जरूरी है। हृदय रोगों की पहचान और समय पर इसके निदान को लेकर खुद जागरूक रहना तथा दूसरों को भी जागरूक करना बहुत जरूरी है। नियमित व्यायाम और योग के माध्यम से तनावमुक्त होकर दिल का ख्याल रखा जा सकता है। दिल का जतन अच्छी सेहत के लिए आवश्यक है क्योंकि जान है तो जहान है। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि दिल की बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है, इसके लिए कोई उम्र सीमा नहीं है। ज्यादातर हृदय रोग का प्रमुख कारण तनाव होता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी भी हृदय रोगों को जन्म देती है। आज की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी, अनियमित और असंतुलित खान-पान व जीवन शैली के कारण हृदय रोग की संभावना बढ़ गई है। इसके बावजूद लोग इस बीमारी के जोखिमों को नजरअंदाज कर देते हैं। डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि स्वस्थ हृदय के लिए हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ दिनचर्या की शुरूआत करना चाहिए। जहां तक संभव हो मानसिक तनाव से दूर रहना चाहिए। नियमित रूप से संतुलित भोजन, व्यायाम और योग को अपनी जीवन शैली में शामिल कर हम हृदय रोग की संभावनाओं को कम कर सकते हैं। भोजन में नमक और वसा की मात्रा कम रखना चाहिए। आहार में ताजे फल और सब्जियों को प्रमुख रूप से शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया की 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को समय-समय पर अपने रक्तचाप व मधुमेह की जांच अवश्य करानी चाहिए।

# भेंट-मुलाकात अभियान

## मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दूसरे चरण का कोंटा से किया आगाज

# आम जनता की मांग पर कोंटा अंचल को दी कई सौगातें

जगरगुंडा और दोरनापाल उप तहसील को तहसील बनाने की घोषणा

कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का होगा 50 बिस्तर के रूप में उन्नयन

बंडागांव एवं जगरगुंडा में विद्युत सब स्टेशन की होगी स्थापना

मुख्यमंत्री ने श्री राम लिंगेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दूसरे चरण का आगाज बस्तर संभाग के कोंटा विधानसभा क्षेत्र से की। मुख्यमंत्री आज रायपुर से हेलीकाप्टर से कोंटा पहुंचे और वहां श्री राम लिंगेश्वर मंदिर में स्तम्भ, शिवलिंग व नंदी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की। उन्होंने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का अभिषेक भी किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कोंटा के नगर पंचायत परिसर में आम जनता से भेंट-मुलाकात कर शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनी। इस मौके पर उन्होंने आम जनता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर कोंटा जिले के दो उप तहसीलों जगरगुंडा एवं दोरनापाल को तहसील बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का वहां हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने करतल ध्वनि कर स्वागत कर इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कोंटा ब्लाक के बंडागांव एवं जगरगुंडा में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, कोंटा के 30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (अस्पताल) को विस्तारित कर 50 बिस्तर करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सकों एवं स्टाफके लिए क्वाटर, दुब्बाटोटा में खेल मैदान, छत्तीसगढ़ राज्य की अंतर्राज्यीय सीमा पर छत्तीसगढ़ प्रवेश द्वार और एर्राबोर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराए जाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंटा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराने आए बुजुर्ग मरीज मुचाकी बुधरा के पास बेंच पर बैठकर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने बताया कि बीते एक सप्ताह से बुखार आ रहा है, इलाज के लिए वह आज अस्पताल पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें अस्पताल में अपना इलाज कराने की समझाईश दी।

### 291 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोंटा आगमन कोंटा क्षेत्र के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कोंटा क्षेत्र के 291 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र वितरित किया, जिसमें एर्राबोर के 187, दुब्बाटोटा के 25, वंजामुगड़ा के 19, फंदीगुड़ा के 14, एकलगुड़ा के 12, जगवारम के 9, पेदाकिसोली के 7, ओडिनगुड़ा के एक, बर्रेमोगा 4, मेटागुड़ा के 2, बुरगुड़ा 3 एवं आसीरगुड़ा के 8 हितग्राही शामिल हैं। मुख्यमंत्री के हाथों वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र पाकर सुदूर अंचल कोण्टा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्थानीय विधायक तथा उद्योग मंत्री कवासी लखमा को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान ढोण्ढरा, कोण्टा, पेण्टा, नागलगुण्डा, पेदाकुरती, मुलाकिसोली, एर्राबोर, दुब्बाटोटा के 10 किसानों को पावर स्प्रेयर वितरित किया। मुख्यमंत्री ने एर्राबोर, बर्रेमोगा, ओडिनगुड़ा और मरईगुड़ा वन के कुल 20 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 3 लाख 40 हजार 460 रुपए संग्रहण राशि वितरित की।

## पहले वर्दी देख कर लोग भाग जाते थे, अब सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित करने में ग्रामीण कर रहे सहयोग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा के पुलिस लाइन ग्राउंड में दुर्गा फाइटर्स बटालियन की महिला जवानों से मुलाकात की। इस दौरान दुर्गा फाइटर्स की प्रधान आरक्षक स्वाति दीप तिर्की ने मुख्यमंत्री के पूछने पर उन्हें पहले और अब के बस्तर के बीच अंतर बताते हुए कहा कि पहले वर्दी देख कर लोग भाग जाते थे, अब सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित करने में ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। पहले नक्सलियों ने लोगों की मानसिकता बनाई थी कि पुलिस वाले प्रताड़ित करते हैं, मगर अब कैम्प्स बनने से पुलिसबल और आमजन रूबरू हो रहे हैं। अब लोगों के बीच सुरक्षाबलों की छवि बदल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे बड़ा परिवर्तन ये है कि अब वर्दी के प्रति लोगों में भय नहीं, लोग समझ रहे कि ये हमारी सुरक्षा के लिए हैं। जो सड़क बन रही है, वो हमारे लिए बन रही है। जो कैम्प बन रहे हैं, वो हमारे लिए बन रहे हैं।

महिला प्रधान आरक्षक ने मुख्यमंत्री को बताया कि सुरक्षाबलों द्वारा दुर्गम इलाकों में नए कैम्प्स स्थापित किये जा रहे हैं। एमाकोण्डा में पहले कोई सुविधा नहीं थी, सुरक्षाबल वहां सड़क निर्माण कर कैम्प तक पहुंचे, अब वहां बिजली और सड़क की सुविधा है। मुख्यमंत्री ने उनसे सुकमा में बने नवीन कैम्पस के सम्बंध में जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष रक्षाबंधन के मौके पर दुर्गा फाइटर्स बटालियन का गठन किया गया था। दुर्गा फाइटर्स बटालियन में 36 महिला जवान शामिल हैं। इस बटालियन के गठन का उद्देश्य लैंगिक समानता बढाना है ताकि पुरुष सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधे मिला कर महिलाएं भी दुर्गम इलाकों सेवा दे सकें।

प्रधान आरक्षक ने मुख्यमंत्री को बताया कि पहुंचविहीन इलाकों में बने कैम्प्स में रहते हुए दुर्गा फाइटर्स गांव भ्रमण के दौरान जन जागरूकता फैलाने का काम भी कर रही है तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण सहयोग दे रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि दुर्गा फाइटर्स के गठन से युवतियों में बस्तर फाइटर्स की वेकैंसी में शामिल होने का रुझान बढ़ा है। मुख्यमंत्री बघेल को दुर्गा फाइटर्स की महिला जवानों ने उनका और डीजीपी जुनेजा का स्केच भेंट किया।

## गिरदालपारा हाईड्रोपावर और मत्स्य प्रक्षेत्र केंद्र दुब्बाटोटा के हितग्राहियों ने किया मुख्यमंत्री का आभार

### मुख्यमंत्री से विभिन्न समाज के प्रमुखों से की मुलाकात

### सामाजिक भवनों के लिए राशि की स्वीकृति दी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने सुकमा प्रवास के दौरान जिले में किए नवाचार से लाभान्वित हितग्राहियों और विभिन्न समाज के प्रमुखों से मुलाक़ात किए। इस मुलाक़ात में गीरदालपारा हाईड्रो पावर बेस्ट पमिंग और मत्स्य प्रक्षेत्र केंद्र दुब्बाटोटा के हितग्राहियों ने स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुलाकात में मुख्यमंत्री को जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर पर मलगेर नदी पर बने गिरदालपारा परियोजना का लाभ ले रहे कृषक परदेशी राम ने बताया कि उन्हें कभी भी इस बात की आस नहीं थी कि वे अपनी भूमि पर दोहरी फसल लेकर अतिरिक्त आय का लाभ कमा पाएंगे। पहले सिंचाई सुविधा नहीं थी जिसके कारण वे सीमित क्षेत्र मात्र में अपनी फसल लगा पाते थे। बरसात में भी फसल अच्छी नही होती थी, किंतु इस लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम की बदौलत अब अधिक रकबे में सिंचाई कर टमाटर, मिर्च आदि की फसल से लाभ कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन को जाता है। प्रशासन की मदद से अब गिरदालपारा के कृषकों के जीवन में बदलाव की बयार आई है। सिंचाई सुविधा मिल जाने से दोहरी फसलों और उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ा है और अपने खेतों में मूंग, मक्का, टमाटर, बैंगन, मिर्च आदि की अच्छी पैदावार ले रहे हैं।

दुब्बाटोब्टा के मत्स्य प्रक्षेत्र केन्द्र के हितग्राही चिचोर राजू ने बताया कि सलवा जुडुम के दौरान जिले में नक्सल प्रभाव अपने चरम पर था, दुब्बाटोटा में मछली उत्पादन, कई शालाएं, आश्रम, भवन, घर सबकुछ तबाह हुआ। ग्रामीणों को अपने जीविकोपार्जन के साधन भी विवशता पूर्ण छोड़ने पड़े। इस हिंसा का शिकार दुब्बोटोटा स्थित मत्स्य प्रसंसकरण केन्द्र भी रहा, जहां 90 के दशक से मत्स्य उत्पादन कर मत्स्य पालकों का घर चलता था। नक्सल गतिविधियों के कारण वर्ष 2006 में मत्स्य उत्पादन का यह केंद्र पूर्णत: बंद हो गया। इस मत्स्य प्रसंसकरण केन्द्र का जीर्णोद्धार और मत्स्य हेचरी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अब यहां जल्द ही मत्स्य उत्पादन भी प्रारंभ हो जाएगा। जिला प्रशासन के प्रयास से एक बार पुन: दुब्बाटोटा गांव अपने पुराने स्वरुप में लौट आया है। अब दुब्बाटोटा के ग्रामीणों के जीवन में बदलाव निश्चित है।

स्टडी क्लब योगेन्द्र सिन्हा ने सुकमा जैसे दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर माहौल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुस्तकालय और कोचिंग की सुविधा मिलने से सुकमा जिले के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सहूलियत हो रही है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री बघेल ने कलार समाज, निषाद समाज, भगत समाज, महेश्वरी समाज, निषाद समाज, मुस्लिम समाज, साहू समाज, कुम्हार समाज, यादव समाज, धुरवा समाज, हल्बा समाज, माहरा समाज, क्षत्रिय समाज, कोया समाज, मुण्डा समाज, बंगाली समाज, उत्तर भारतीय समाज, जैन समाज, ईसाई समाज, दोरला समाज के प्रमुखों से मुलाकात कर अपनी समस्याओं के संबंध चर्चा की और ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री इस मौके पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए धुरवा समाज, दोरला समाज, यादव समाज को 20-20 लाख और मगन समाज, निषाद समाज, मुस्लिम समाज को 10-10 लाख रुपए की स्वीकृति दी।

## कभी सोचा न था कि गोबर से इतना पैसा मिलेगा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ में भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीणों से चर्चा कर रहे थे, उसी दौरान ग्राम पंचायत चिपुरपाल की निवासी चंपावती नाग ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सोचा नही था, कि गोबर से भी उन्हें इतना पैसा मिलेगा।

श्रीमती नाग ने बताया कि चीका रास गौठान में दो महिला समूह से 27 महिलाएं जुड़ी है। महिलाएं गोबर बेचने के साथ ही गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाकर बेच रही है। वर्ष 2021 में उन्हें एक लाख 40 हजार की आय हुई। महिलाएं मुर्गीपालन भी कर रही है, अंडा बेचने से अब तक 48 हजार रुपये की आमदनी हुई है। समूह बाड़ी में सब्जी-भाजी उत्पादन और विक्रय से 12 हजार का मुनाफा हुआ है। समूह की महिलाओं ने अंडा बेचने से प्राप्त राशि से महुआ क्रय किया है। कीमत बढ़ने पर उसे बेचकर पैसा कमाएंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिका रास गौठान से जुड़ी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब ने अपने आत्मबल और मेहनत से गौठान और गोधन न्याय योजना की सार्थकता प्रमाणित की है। गौठान की स्थापना का उद्देश्य सिर्फ पशुधन का संरक्षण और संवर्धन नहीं, बल्कि इसे आजीविका का ठौर के रूप में स्थापित करना है, यहां ग्रामीणजन रोजगार और आय का जरिया प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान गांव वालों की सामूहिक सम्पत्ति है, इसकी देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों की है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध विना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# कान्स फिल्म फेस्टिवलः इंडिया में टैलेंट की कमी नहीं हैः दीपिका पादुकोण

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल के 75 वें संस्करण में भारत की मौजूदगी बहुत खास है। भारत को इस बार वहां कंट्री ऑफ ऑनर का दर्जा मिला है। वहां भारत के सिनेमा, संस्कृति और इसकी विरासत पर प्रकाश डाला जाएगा। वहीं खास बात है कि जूरी में भारत की तरफ से भी भागीदारी है। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण वहां 28 मई तक बतौर जूरी मौजूद रहेंगी। उनके साथ ईरानी फिल्म निर्माता असगर फरहादी, स्वीडिश एक्ट्रेस नूमी रैपेस, एक्ट्रेस-स्क्रीन राइटर और प्रोड्यूसर रेबेका हॉल, इटैलियन एक्ट्रेस जैस्मीन ट्रिंका, फ्रेंच डायरेक्टर लाडज ली, अमेरिकी डायरेक्टर जेफनिकोल्स और नॉर्वे के डायरेक्टर जोआचिम ट्रायर शामिल हैं।



### कान्स फिल्म फेस्टिवल की जूरी में होना किस तरह की फिलिंग आपको दे रहा है?

कुछ हफ्ते पहले मुझे ईमेल मिला था। मैं बहुत एक्साइटेड हूं। हंबल फील कर रही हूं। दुनियाभर के कमाल के फिल्ममेकर आसपास हैं। बेशक आगे भी इसका एक्सपीरिएंस कमाल का रहने की उम्मीद है।

### इंडिया दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाता है। मगर कान्स, बर्लिन, ऑस्कर जैसे फिल्म फेस्टिवल और अवॉर्डों में क्या उस रेशियो से हिस्सा ले पाता है?

ये सवाल दरअसल निर्माता और निर्देशकों के लिए है कि वो किस तरह की ऑडिएंसेज के लिए फिल्में बनाना चाहते हैं। हर जॉनर की फिल्म के लिए सेंसिबिलिटीज अलग होती हैं। कुछ फिल्ममेकर मास के लिए फिल्में बनाना चाहते हैं। कई वर्ल्डओवर की ऑडिएंस के लिए फिल्में बनाना चाहते हैं। यह मेरे ख्याल से बड़ी पर्सनल चॉइस है। बाकी जिन फेस्टिवलों और अवॉर्डों के नाम आपने लिए, उनके लिए बेशक हमारे फिल्ममेकर फिल्में बना सकते हैं। यह उन पर डिपेंड करता है कि वो ग्लोबल ऑडिएंस को दिखाना चाहते हैं या इंडिया की ऑडियंस को। वरना इंडिया में टैलेंट कम नहीं है। दूसरी चीज यह भी है कि इंडिया ही इतना बड़ा है और इतने सारे लैंग्वेज और कल्चर हैं कि इंडिया के अंदर ही हम तरह-तरह की फिल्में बना ही रहे हैं।

### क्या कोविड दौर के चलते 2 साल के पीरियड में जो हिंदी की ऑडियंस है, उसका टेस्ट बदल गया है?

जी हां, उसका टेस्ट तो बदल गया है। यह बदलाव हालांकि बेहतरी के लिए ही है। हमारे देश में जरूर एक चीज हो रही है कि पहले हिंदी की ऑडिएंस अलग थी। तेलुगु की ऑडिएंस अलग थी। अब अगर देखा जाए तो हर रीजन का सिनेमा मर्ज हो चुका है। डायरेक्टर, एक्टर, रायटर्स का क्रॉस पॉलिनेशन देखने को मिल रहा है। यह सब कुछ साल पहले ही होना चाहिए था। मगर देर ही सही, मगर दुरूस्त आई हैं।

### कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंडिया का प्रजेंस कितना मजबूत हुआ है? इसके मेन कंपटीशन कैटेगरी मे हमारी कितनी संभावनाएं हैं?

प्रेजेंस बहुत ज्यादा स्ट्रॉन्ग तो नहीं हुआ है। तभी मुझे मौका मिला तो महसूस हुआ कि यह पर्सनल विक्ट्री से ज्यादा देश की विक्ट्री है। हिस्टॉरिकली देखा जाए तो कान फिल्म फेस्टिवल के 75 सालों के इतिहास में हमने कितने इंडियंस को वहां बतौर जूरी देखा है? कितने मेकर्स की फिल्मों को कंपटीशन कैटिगरी में देखा है? ऐसा नहीं है कि हमने देखा नहीं है, मगर बाकी देशों की तुलना में जरा कम तो है। लेकिन अब इंडिया का टाइम आ चुका है। लोग ग्लोबल लेवेल पर रिकग्नाइज कर रहें हैं। इंडिया को उसका ड्यू मिल रहा है।


### साउथ की फिल्में हिंदी बेल्ट के बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा किया है। क्या वजह आप क्या महसूस करती हैं?

इसका रीजन तो नहीं मालूम। ऑडिएंस की एक्सपेक्टेशन तो हैं। खासकर पोस्ट कोविड ऑडिएंस क्या चाहती है, वह चेंज तो नजर आ रहा है। अब वह चेंज क्यों दर्ज हो रहा है, वह कारण तो पता नहीं। पर अच्छी बात यह है कि इस मसले पर सवाल हो रहें हैं। जैसा मैंने कहा कि यह काफी साल पहले ही होना चाहिए था। काफी सालों तक हम आइसोलेशन में काम करते रहे हैं। सेपरेट डिफरेंट इंडस्ट्री के तौर पर हम काम करते रहे हैं। मुझे नहीं लगता जो बाकी देशों में है। हमारे यहां पंजाबी, मलयाली, तमिल, तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अलग अलग हैं। यह एक तरह से बेटर है। इससे हमारी डायवर्सिटी का पता चलता है। दूसरी तरफ यह भी अच्छा बदलाव है, जो आपस में लाइन्स ब्लर हो रही हैं। यह बेहतर बदलाव है कि हमारी कंट्री के भीतर ही अलग तरह के कंटेंट एप्रीशिएट हो रहे हैं।

### क्या अब बड़े बजट की फिल्म ऑडियंस को वापस थिएटर ला पाएगी?

डेफिनेटली, अगर आप प्री-पैंडेमिक 'बाहुबली' को देखें और पोस्ट पैंडेमिक केजीएफ-2 और आरआरआर जैसी फिल्मों को देखें तो ऑडिएंस शायद बिग बजट और इवेंट फिल्में देखना चाहती है। हालांकि ऑडिएंस इन जैसी फिल्मों को बिग बजट के चलते या कहानी के चलते पसंद कर गई, उस पर शायद ही कोई पिन पॉइंट कर सकता है। पर गुड न्यूज यह है कि इनमें से ज्यादातर फिल्मों के चलते ऑडिएंस सिनेमाघरों में आने को रेडी तो है।

# 'डीडीएलजे' नहीं करना चाहते थे शाहरुख, सलमान की सिर्फ इस बात पर निभाया था किरदार



हिंदी सिनेमा को पसंद करने वालों में शायद ही कोई ऐसा इंसान होगा, जिसने फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' नहीं देखी होगी। यह फिल्म 20 अक्तूबर 1995 को देशभर में रिलीज हुई और आते ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। फिल्म में राज और सिमरन की दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी दिखाई गई थी। मुख्य भूमिकाओं में शाहरुख खान और काजोल थे और इसका निर्देशन आदित्य चोपड़ा ने किया था। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' भारतीय सिनेमा में लंबे समय तक चलने वाली फिल्म थी। यह फिल्म 25 साल तक मुंबई के मराठा मंदिर थिएटर में दिखाई जाती रही। फिल्म को इतनी सफलता मिली। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शाहरुख खान यह फिल्म कभी नहीं करना चाहते थे।

जब आदित्य चोपड़ा ने 'दिलवाले दुल्हिया ले जाएंगे' लिखी थी, तब वह चाहते थे कि फिल्म की कहानी एक भारतीय लड़की और एक अमेरिकी लड़के के रिश्ते की हो। आदित्य हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज को राज की भूमिका के लिए चाहते थे, लेकिन यश चोपड़ा ने उन्हें मना कर दिया। उन्होंने आदित्य को विदेशी लड़के को एक एनआरआई में बदलने की सलाह दी और आदित्य चोपड़ा ने इस सलाह को मान लिया। इसके बाद आदित्य ने राज की भूमिका निभाने के लिए शाहरुख खान से संपर्क किया।

शाहरुख खान उन दिनों 'बाजीगर', 'डर', 'रामजाने', जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका में नजर आए थे। खास बात ये है कि इन किरदार के लिए शाहरुख खान को खूब प्यार भी मिल रहा था। इसी वजह से उन्होंने इतनी ज्यादा रोमांटिक फिल्म करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई और फिल्म के लिए मना कर दिया। इसके बाद आदित्य ने सैफ अली खान को मुख्य भूमिका निभाने के लिए कहा। लेकिन सैफ ने भी कुछ कारणों की वजह से फिल्म को करने से मना कर दिया। इसके बाद आदित्य चोपड़ा ने शाहरुख खान का पीछा नहीं छोड़ा। दोनों के बीच फिल्म को लेकर कई बार मुलाकात हुई।

आदित्य चोपड़ा से कई बार मुलाकात करने के बाद भी शाहरुख खान इस फिल्म के लिए राजी नहीं हुए। हालांकि, फिल्म करण अर्जुन की शूटिंग के दौरान शाहरुख ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के लिए हां भर दी और इसकी वजह सलमान खान थे। सलमान खान के कहने पर ही शाहरुख खान ने इस फिल्म को करने के लिए हामी भरी थी। खास बात ये है कि 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के प्रीमियर पर हर किसी ने इस फिल्म को निगेटिव रिव्यू दिया था। लेकिन अकेले सलमान खान थे, जिन्होंने शाहरुख खान से कहा था कि यह फिल्म सुपरहिट होगी और ऐसा हुआ भी। यह फिल्म आज भी फैंस के बीच एक खास जगह बनाए हुए हैं।

# अनेरी वजानी के साथ मस्ती करते नजर आए मोहसिन खान



टेलीविजन का मशहूर धारावाहिक शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम अभिनेता मोहसिन खान बीते कई दिनों से टीवी एक्ट्रेस अनेरी वजानी के साथ दिखाई दे रहे हैं। सामने आ रही खबरों के मुताबिक दोनों अपने एक अपकमिंग शो की शूटिंग कर रहे हैं। यह शो जल्द ही टीवी पर ऑन एयर होने वाला है। हाल ही में दोनों की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

अपने इस नए प्रोजेक्ट की शूटिंग खत्म होने के बाद भी दोनों कलाकार साथ में मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को अभिनेता मोहसिन खान ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेता कैप्शन में लिखा, स्वाइप करते रहें..लास्ट तस्वीर तक।

इन तस्वीरों के सामने आते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। फैंस इन फोटोज को काफी पसंद कर रहे हैं और कलाकार इन पर कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस अनेरी वजानी ने भी मोहसिन के इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### उन्होंने इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, मोमो

सामने आई इन तस्वीरों में मोहसिन और अनेरी ब्लैक और पिंक आउटफिट में पेयरिगं करते दिख रहे हैं। तस्वीरों में अनेरी गुलाबी रंग की शर्ट, सफेद रंग के क्रॉप टॉप और नीली जींस में नजर आ रही हैं। वहीं, मोहसिन काले रंग की टीशर्ट, जैकेट और जींस में काफी हैंडसम लग रहे है।

मोहसिन और अनेरी की यह क्यूट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। इन तस्वीरों को अब तक दो लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। मोहसिन और अनेरी करीब आठ साल बाद फिर एक साथ नजर आने वाले हैं। इससे पहले दोनों स्टार प्लस के शो 'निशा और उसके कजन्स' में नजर आए थे। मोहसिन खान को टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से पहचान मिली थी। वहीं अनेरी वजानी हाल ही में प्रसिद्ध टीवी शो 'अनुपमा' में नजर आई थीं।

# नवाज का डेब्यूः नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'लक्ष्मण लोपेज' से करेंगे हॉलीवुड डेब्यू, लीड रोल में नजर आएंगे एक्टर

नवाजुद्दीन सिद्दीकी अमेरिकन फिल्म 'लक्ष्मण लोपेज' में लीड रोल प्ले करेंगे। क्रिसमस की थीम पर आधारित फिल्म का निर्देशन रोबर्टो जिरौल्ट करेंगे। फिल्म की शूटिंग अमेरिका में इस साल के आखिरी तक शुरू हो जाएगी। नवाज ने मंगलवार को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2022 में रेड कार्पेट पर वॉक किया।



### नवाज को फिल्म की थीम ने किया अट्रैक्ट

नवाजुद्दीन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म को तुरंत हां कहने को लेकर बताया। नवाज ने कहा, स्टार्टर्स के लिए क्रिसमस थीम पर आधारित फिल्म में काम करना कुछ अलग करने का मौका है। इसलिए इस फिल्म की ओर मेरा ध्यान तुरंत गया। ये एक चैलेंजिग प्रोजेक्ट होगा, जिसकी मुझे हमेशा तलाश होती है। और सबसे ज्यादा अट्रैक्ट मुझे फिल्म के नाम लक्ष्मण लोपेज ने किया।

### फिल्म के निर्देशक को सिर्फ नवाज रोल के लिए फिट लगे

पोर्टल ने रोबर्टो के बयान को कोट करते हुए लिखा, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो मैंने लक्ष्मण लोपेज के किरदार के लिए परफेक्ट एक्टर की तलाश शुरू कर दी और मेरे दिमाग में तुरंत नवाजुद्दीन का ख्याल आया। मैंने कुछ फिल्मों में उनके काम को देखा है। और मुझे पता है कि ये रोल उनकी उस साइड को सामने लाएगी, जिसे बहुत कम लोग जानते हैं।

### कान्स ओपनिंग के डेलिगेशन में शामिल थे नवाज

नवाजुद्दीन सिद्दीकी मंगलवार को कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। युनियन मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के द्वारा लीड की गई भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा थे। उनके साथ आर माधवन, कमल हासन, फिल्ममेकर शेखर कपूर, एआर रहमान समेत कई सेलेब्स भी 75वें कान्स फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग का हिस्सा रहे।

### नवाज के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

नवाजुद्दीन आखिरी बार टाइगर श्रॉफ स्टारर 'हीरोपंती 2' में नजर आए थे। उनके पास 'टीकू वेड्स शेरू', 'बोले चुड़ियां' और 'जोगीरा सारा रा रा' जैसे कई बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स हैं।

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[th] XII[th] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358 9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मुख्यमंत्री की पहलः प्रदेश में नवोदित खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति अधिक रूचि पैदा करने और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में 'खेल प्रतियोगिता 2022' आयोजित करने की विशेष पहल की है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। बालक एवं बालिका वर्ग के लिए सब जूनियर और जूनियर कैटेगरी में खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विजेता दल और खिलाड़ियों को पारितोषिक-प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। विकासखण्ड स्तर पर दलीय खेलों के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट तथा व्यक्तिगत विधा के अंतर्गत एथलेटिक (दौड़ 400 मी.), बैडमिंटन एवं कुश्ती खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

### आत्मनिर्भर हो रहे हैं सुदूर क्षेत्र मरईगुड़ा के ग्रामीण

**रायपुर।** प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन मुख्यमंत्री आज कोंटा विधानसभा पहुंचे। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल से मिलने सुकमा जिले के सुदूर ग्राम मरईगुड़ा के सरपंच हपका मारा के साथ कोरसा अर्जुन, मड़कम नागेश, माड़वी लक्ष्मण, सुन्नम रत्यैया समेत अनेक ग्रामीण पहुँचे थे। सरपंच के साथ आए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को अपने गांव की मिर्ची, अरहर और कपास के उत्पादन की जानकारी दी। साथ ही गांव में उत्पादित मिर्ची, कपास और अरहर के नमूने भी दिखाए। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे ग्रामीणों और किसानों के उत्साह को देखकर खुशी जाहिर की ।

# मुख्यमंत्री बने सुकमा ' सी-मार्ट ' के फर्स्ट कस्टमर, किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

### 1348 रुपये की खरीदी कर मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह की कराई बोहनी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सुकमा जिला मुख्यालय में 58 लाख की लागत से निर्मित सी-मार्ट (छत्तीसगढ़ मार्ट) का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने मार्ट से कोदो, कुटकी, रागी, सुगंधित चावल, तिखुर, मसाले का आदि का क्रय कर मार्ट की बोहनी कराई और 1348 रुपये मूल्य के उत्पादों की खरीदी कर वे सुकमा 'सी-मार्ट' के फर्स्ट कस्टमर बने। उन्होंने ने सी मार्ट से क्रय उत्पादों की रसीद भी प्राप्त की। जिला मुख्यालय में बस स्टैंड के समीप अब एक ऐसी दुकान का संचालन होगा, जहां एक ही छत के नीचे सुकमा की जनता को स्थानीय तौर पर बनाए गए ढेरों उत्पाद मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सी-मार्ट का के सभी उत्पादों का अवलोकन किया और संचालकों से उत्पादों के सम्बंध में जानकारी ली।सी मार्ट का संचालन समिति शक्ति महिला समूह ग्राम संगठन द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सी मार्ट में उपलब्ध समस्त उत्पादों का अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली।

सुकमा सी मार्ट में जिले में कार्यरत 35 स्व सहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे स्थानीय उत्पाद जैसे शबरी मसाले, शबरी फूड्स, महुआ, काजू, कास्मेटिक, डेली नीड में समान, साबुन, फिनॉइल, हाइजीन प्रोडक्ट्स जैसे सेनेटरी नैपकीन आदि, बनोपज से निर्मित उत्पाद, अश्वगंधा चूर्ण, गिलोय, मुलेठी जैसे वन औषधि , एलोवेरा , महुआ।

आमला, महुआ लड्डू आदि से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कुल 81 उत्पाद मार्ट में वर्तमान समय में उपलब्ध हैं। सुकमा सी मार्ट का संचालन शक्ति महिला समूह ग्राम संगठन ग्राम रामाराम द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में अनेक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों, शिल्पकारों, बुनकरों, दस्तकरों, कुम्भकरों और अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ही छत के नीचे विक्रय करने के लिए सकारात्मक पहल है। सी-मार्ट में गौठानों में कार्यरत महिला-स्वसहायता समूह द्वारा तैयार विभिन्न तरह के उत्पाद समेत गांवों में बनने वाले अनेक तरह के उत्पादों को एक छत के नीचे बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।। इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के साधन बढ़ेंगे। सी-मार्ट महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के लिए आत्मनिर्भर बनने की राह में मील का पत्थर साबित होगा। उनसे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

# डॉ. भारती प्रवीण पवार ने डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के लिए एनईएलएस पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के लिए नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट (एनईएलएस) पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण मॉड्यूल के अलावा, इस कार्यक्रम में एनईएलएस पाठ्यक्रम को लागू करने के लिए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे का विकास और अस्पतालों और एम्बुलेंस सेवाओं के आपातकालीन विभागों में काम करने वाले डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षकों का एक संवर्ग बनाना भी शामिल है।




केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि अब तक, देश में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को विदेशी मॉड्यूल और सशुल्क पाठ्यक्रमों पर निर्भर रहना पड़ता था, जो महंगे होने के साथ-साथ हमारे जनसंख्या परिदृश्य की जरूरतों और प्राथमिकताओं पर विचार किए बिना एक सीमित आपात स्थिति के लिए थे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत नीति को साकार करते हुए, डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण के लिए यह मानकीकृत पाठ्यक्रम भारतीय संदर्भ के अनुकूल देश में ही विकसित आपातकालीन जीवनरक्षक सेवाएं प्रदान करता है। डॉ. भारती प्रवीण पवार ने उल्लेख किया कि सरकार कोविड-19 और गैर-कोविड आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण को निरंतर रूप से सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य चिकित्सा आपात स्थितियों के प्रबंधन के लिए तैयारियों की क्षमता को बढ़ाने के मध्यम से दीर्घकालिक बनाना है और मूल्यवान जीवन के नुकसान को कम करना है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा नागरिकों को सस्ती और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया है। यह समय की मांग है कि भारत देश के किसी भी हिस्से में दुर्घटना, आपात स्थिति या आघात से पीड़ित किसी भी व्यक्ति की देखभाल के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा सक्षम एक विश्व स्तरीय, कुशल, पेशेवर और एकीकृत प्रणाली का निर्माण करे। 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति पर चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि इसमें एक एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली के निर्माण की परिकल्पना की गई है, जो एक समर्पित सार्वभौमिक पहुंच संख्या से जुड़ी है, जिसमें आपातकालीन देखभाल, लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस और आघात प्रबंधन केंद्रों का प्रावधान है।

डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल रखने के लिए, अस्पतालों के आपातकालीन विभागों में काम करने वाले डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स को लैस करके मानव संसाधन विकास के लिए समानांतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में सभी प्रकार की चिकित्सा आपात स्थितियों के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए मानकीकृत जीवन रक्षक कौशल के साथ-साथ अस्पताल पूर्व देखभाल प्रदान करने वाले चिकित्सा सहायकों को भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने राज्यों से अपने मेडिकल कॉलेजों में एनईएलएस कौशल केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया और सभी कौशल केंद्रों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि प्रशिक्षण न केवल संचालित किए जाएं बल्कि आपातकालीन देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिकतम सीमा तक उपयोग में भी लाए जाएं। उन्होंने आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ से नियमित रूप से भाग लेने वाले संस्थानों के साथ वार्तालाप करने और इसे एक सफल पहल बनाने के लिए उनकी गतिविधियों की निगरानी करने का भी अनुरोध किया।

एनईएलएस गतिविधियों के तहत विशेषज्ञों के परामर्श के बाद और भारतीय संदर्भ के आधार पर डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के लिए आपातकालीन लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करना, केंद्र/राज्यों के तहत मेडिकल कॉलेजों में कौशल केंद्रों की स्थापना करना और आपातकालीन स्थिति पर कौशल-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। स्वास्थ्य कर्मियों की सभी श्रेणियों के लिए लाइफ सपोर्ट, एसएफसी (वित्त वर्ष 2021-26) के तहत स्थापित किए जाने वाले 120 कौशल केंद्र (जिनमें से 90 कौशल केंद्र विकास के विभिन्न चरणों में हैं)।

# कहीं बासी-बोरे तो कहीं मड़िया पेज, भेंट-मुलाकात में कल्चर को भी दिलचस्प अंदाज में प्रमोट कर रहे हैं भूपेश बघेल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेंट-मुलाकात के लिए निकले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपनी योजनाओं का फीड-बैक तो ले ही रहे हैं, साथ ही बड़ी खूबसूरती से प्रदेश की संस्कृति को प्रमोट भी कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वे ऐसे हर उस मौके का इस्तेमाल कर लेते हैं, जिससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति, रीति-रिवाज और खान-पान का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार हो सके। भेंट-मुलाकात की उनकी हर दोपहर तब और भी ज्यादा दिलचस्प हो जाती है, जब सब की नजरें श्री बघेल की थाली में सजे ठेठ छत्तीसगढ़िया पकवानों पर केंद्रित हो जाती है। उनके लंच में कभी बासी होती है तो कभी मड़िया-पेज, वे कभी पेहटा-तिलौरी का स्वाद ले रहे होते हैं तो कभी लकड़ा-चटनी और कोलियारी भाजी का।


सरगुजा संभाग में भेंट-मुलाकात का पहला चरण पूरा हो जाने के बाद 18 मई से बस्तर संभाग में दूसरा चरण शुरु हो चुका है। उन्होंने पहले चरण की शुरुआत राज्य के बिलकुल उत्तरी छोर पर स्थित बलरामपुर जिले से की थी, अब दूसरे चरण का आगाज उन्होंने बिलकुल दक्षिणी छोर पर स्थित सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा क्षेत्र से किया है। जब वे छिंदगढ़ पहुंचे तब दोपहर के भोजन का वक्त हो चुका था। छिंदगढ़ के एक ग्रामीण श्री आयता मंडावी ने बस्तर की परंपरागत शैली में अपने घर की छपरी की छांव में उनके भोजन की व्यवस्था की थी। उन्होंने जमीन पर बैठकर दोने-पत्तल में कोलियारी भाजी, आम की चटनी और दाल-भात का स्वाद लिया। उनके इस लंच में सबसे खास था मड़िया-पेज, जो बस्तर की पहचान भी है। यह एक ऐसा पेय है जिसे पीने के बाद लू का भी मुकाबला किया जा सकता है।

भेंट-मुलाकात अभियान पर निकलने से पहले श्री बघेल ने 01 मई को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक आहार बोरे-बासी को प्रमोट किया था। श्री बघेल की इस यात्रा ने उनकी योजनाओं और नीतियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पकवानों को भी चर्चा में ला दिया है। राज्य के विकास की अपनी रणनीति में संस्कृति और स्वाभिमान को महत्वपूर्ण घटक मानने वाले भूपेश बघेल की पहल पर अब तीजा-पोरा, हरेली, कर्मा जयंती, छठ, विश्व आदिवासी दिवस और मां शाकंभरी जयंती जैसे लोकपर्वों पर अब सार्वजिनक अवकाश होता है। प्रदेश के हर जिले में कल्चरल रेस्टोरेंट 'गढ़-कलेवा' की स्थापना कर ठेठरी, खुरमी, धुसका, चीला जैसे स्थानीय व्यंजनों को प्रमोट किया जा रहा है।

# जब बच्चों के समर कैम्प में पहुंचे मुख्यमंत्री, बच्चों की रचनात्मकता को देख मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बस्तर के धूर नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां कभी नक्सलियों के बंदूकों की गोलियां गूंजती थी, अब वहां बच्चों की निश्छल खिलखिलाहट बिखर रही है। इसकी बानगी आज छिंदगढ़ में देखने को मिली। कभी एक अदद स्कूल को तरसते इलाके में अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मौजूद है।



जहां बच्चे नक्सल आतंक से घरों में दूबके रहते थे, वहां बच्चों के लिए अब स्कूल में समर कैम्प लग रहे हैं।

भेंट-मुलाकात अभियान के लिए बस्तर दौरे पर गए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छिंदगढ़ में चल रहे बच्चों के समर कैम्प में पहुंचे। प्रदेश के मुखिया को अपने बीच सहज भाव से पाकर नौनिहाल भी उत्साह से भर उठे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल को अपनी रचनात्मकता से परिचय कराया। बच्चों की आकर्षक कलाकृतियों को देख मुख्यमंत्री भी आनंद से भर उठे। मुख्यमंत्री ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भेंट-मुलाकात के दूसरे चरण में बस्तर संभाग के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छिंदगढ़ में आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल का लोकार्पण किया। इस दौरान स्कूल के लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और उनके पालकों ने मुख्यमंत्री का पूरे उत्साह से आत्मीय स्वागत किया। वहीं मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि स्कूल परिसर में ही बच्चों के लिए आर्ट एंड क्रॉफ्ट समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इतना जानने के बाद मुख्यमंत्री तत्काल बच्चों से मिलने उनके बीच जा पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री का स्वागत नन्हें बच्चों ने उनके सामने डांस कर किया।

यहां समर कैम्प में प्रतिभागी बच्चों से मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बातचीत की और उनकी कलाकृतियों की जानकारी ली। बच्चे भी बड़ी उत्सुकता और उत्साह से मुख्यमंत्री को अपनी कलाकृतियों और रचनात्मकता के बारे में बताते रहे। नन्हें बच्चों की रोचक कलाकृति को देख मुख्यमंत्री भी आनंदित नजर आए। कुछ बच्चे यहां कैरम खेल रहे थे, यह देखकर मुख्यमंत्री भी उनके साथ जाकर बैठ गए और कुछ वक्त तक कैरम भी खेला। मुख्यमंत्री अंत में जब मुख्यमंत्री अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए स्कूल से निकलने लगे तो बच्चों ने पूरे अधिकारभाव से उन्हें रोका और साथ सेल्फी लेने का आग्रह किया।

# गौशाला में नियमित साफ-सफाई के साथ गौवंश का रखें विशेष ख्याल- डॉ.महन्त रामसुन्दर दास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ.महन्त रामसुन्दर दास ने आज श्री चक्रधर गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं से संबंधित पानी, चारा एवं चिकित्सा जैसे सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। श्री महंत ने कहा कि गौवंश का विशेष ख्याल रखें, उन्हे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान उन्होंने पशुओं के रहवास का निरीक्षण करते हुए गौशाला की साफ-सफाई का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं को दी जाने वाले चारा व्यवस्था एवं उपलब्धता को देखा। ट्रस्ट द्वारा बताया गया कि रबी फसल का चारा एकत्रित किया जा रहा है। डॉ.महन्त ने गर्मी के मद्देनजर गौशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सड़क हादसे के उपरांत गौशाला में लाए गाय को देखा और उसके उपचार के संबंध में जानकारी ली। ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि पशु चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। इसके साथ ही पशुओं के लिए पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण व उपचार किया जाता है। डॉ.महन्त ने गौशाला की सफाई एवं गोबर के उठाव नियमित करने के निर्देश दिए। जिससे पशुओं के विचरण एवं बैठक व्यवस्था में सुविधा हो। डॉ.महन्त ने कहा कि खासकर बारिश में ऐसे दिक्कते अधिक होती है तो इसका विशेष ख्याल रखे। उन्होंने दुधारू गायों के साथ बछड़ों के कक्ष का निरीक्षण किया तथा पशुओं के विचरण की स्थिति और पशुओं की संख्या की जानकारी ली।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग,
पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स,
एक्रीलिक रेलिंग,
आर्टिफिसियल ग्रास,
पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी
चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाला शातिर ठग कर्नाटक से गिरफ्तार, रायगढ़ में डाव?टर को बना चुका था शिकार

**रायपुर ( ए )।** शेयर मार्केट में आनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाले ठग को राज्य सायबर पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। शेयर मार्केट में आनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाली कंपनी के डायरेक्टर की गिरफ्तारी करने में राज्य सायबर पुलिस थाना को मिली सफ्लता। आरोपियों द्वारा व्हाटसएप के माध्यम से स्वयं को सिंगापुर की एक फाइनेसियल कंपनी, जिसकी भारत में भी एक शाखा है, का आर्थिक विश्लेषक (फाइनेसियल एनालिस्ट) बताकर दोस्ती की गई। इसके बाद ट्रेडिंग एकाउंट खोलने का लिंक भेजकर लिंक में रजिस्टर्ड होकर इंवेस्टमेंट करने पर म्युचुअल फंड से ज्यादा रिर्टन का भरोसा दिलाकर कुल 87 लाख रूपये की धोखाधड़ी की गई।

जब पीड़ित को यह विश्वास हो गया की वह सायबर ठगी का शिकार हो गया है तब उसने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपराध दर्ज किया। इसके बाद आरोपी की धरकपड़ के लिए राज्य साइबर पुलिस थाना की टीम गठित की गई जिसमें प्रकरण के सायबर एनालिसिस पर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर टीम को मामले की विवेचना के लिए महाराष्ट्र एवं कर्नाटक रवाना किया गया। जांच में यह पता चला कि क्रिएटीव टेक्नालॉजी कंपनी के साथ ही अन्य कई कंपनी ठगी के उद्देश्य से खोली गई जो कि रजिस्टर्ड ऑफ कंपनीज में रजिस्टर्ड कराई गई थी। रजिस्ट्रार आफकंपनी से जानकारी प्राप्त करने पर इस तरह की अन्य कंपनी की जानकारी प्राप्त हुई जिसमें गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व में उपरोक्त कंपनियों पर कार्रवाई के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी को निर्देशित किया गया था। गिरफ्तार कंपनी के डायरेक्टर मोहसिन एन ने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर क्रिएटीव टेक्नालाजी व अन्य कंपनी को विदेशी नागरिक के साथ मिलकर रजिस्टर करवाया था। जिसे गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया गया। अपराध में विदेशी नागरिकों कि संलिपत्ता पाई गई है। अपराध में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पतासाजी जारी है।

पाटन में तेज रफ्तार कार-बाइक में भिड़ंत

## जय स्तंभ चौक पर हुए हादसे के बाद ग्रामीण हुए आक्रोशित, 7 साल के बच्चे की मौत

**पाटन (ए)।** पाटन थाना अंतर्गत के जय स्तंभ चौक पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार और बाइक में भिड़ंत हुई। इस दौरान बाइक सवार 7 वर्षीय गगन साहू की मौत हो गई। वहीं उसके पिता टोमन साहू बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें रायपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने कार चालक जागेचरण के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कार चलाने के दौरान वह नशे में था। कार में उसके दो दोस्त अभय और माइकल भी सवार थे। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।



पुलिस ने बताया कि तरीघाट निवासी टोमन अपने बेटे गगन के साथ पाहंदा से लौट रहा था। पाहंदा में उसके रिश्तेदार रहते हैं। बाइक सीजी 07 एलएन 6717 से वह जय स्तंभ चौक से गुजर रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही कार सीजी 04 केएस 8736 ने उन्हें ठोकर मार दी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात बालोद पुलिस से इनपुट मिला था कि कार एमपी 07 सीजी 0993 गांजा लेकर दुर्ग की तरफ आ रही है। इसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया। इस दौरान कार कोलिहापुरी के पास निर्माणाधीन सड़क पर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। कार की छानबीन की गई तो उसमें कोई भी नही मिला। कार का एयर बैग खुल गया था। इससे अनुमान है कि कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। आरोपी मौके से भाग निकले।

### वर्ष 2021 में ओवर स्पीड से 201 से ज्यादा की मौत

यातायात पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में ओवर स्पीड से 866 दुर्घटनाएं हुई है। इनमें 201 की हादसे में मौत हो गई। जबकि 44 लोगों को गंभीर चोट लगी और 656 लोगों को सामान्य चोट लगी है। इसी तरह ड्रंक एंड ड्राइव के 5 हादसे सामने आए है, जिसमें 2 की मौत,1 को गंभीर चोट और 2 को सामान्य चोट लगी। रॉग साइड ड्राइविंग के कारण 94 दुर्घटनाएं हुई। इनमें 17 की मौत,7 को गंभीर चोट और 62 को सामान्य चोट लगी है।

## रात में शराब डिलीवरी: आबकारी विभाग ने 6 जगहों पर मारा छापा




**रायपुर ( ए )।** रायपुर शहर के कुछ बेखौफ बार मालिक अपनी मनमर्जी पर उतर आए। शहर में कुछ बार देर रात तक चलाए जा रहे हैं। कुछ में बार बंद हो जाने के बाद आधी रात तक पार्सल में शराब मिल रही है। ऐसी कई शिकायतें जब आबकारी विभाग के पास पहुंची तो अफसर नींद से जागे। अब शहर के कुछ बार पर छापा मारकर मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

आबकारी विभाग के उपायुक्त अनिमेष नेताम के साथ अफसरों की टीम रात के वक्त बार का जायजा लेने निकली। टीम ने कुछ जगहों पर छापे मारे। शहर में वीआईपी रोड, पंडरी और रायपुरा इलाके के बार में अवैध तरीके से शराब परोसते कर्मचारी पकड़े गए। इनमें रॉयल ऑर्चिड पंडरी, मोनू बार पंडरी, शालीमार बार हीरापुर,गगन बार टाटीबंध, मधुबन बार रायपुरा में पार्सल शराब बेचते पकड़ा गया,वी आई पी रोड़ स्थित शीतल इंटरनेशनल होटल बार शामिल है। अब इन बार के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## राजधानी में 25 फीसद दूसरे जिलों के वाहन चालक तोड़ रहे नियम, पुलिस ने चालान भेजकर वसूले 59 लाख से ज्यादा

**रायपुर ( ए )।** रायपुर पुलिस ने एक जनवरी से 30 अप्रैल तक चार माह में शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 हजार 495 वाहन चालकों का चालान सीसीटीवी कैमरों की मदद से काटा। इनमें 25 फीसद यानी 3,716 प्रदेश के दूसरे जिलों के वाहन चालक हैं। इन्हें पोस्ट ऑफिस और मैसेज के माध्यम से चालान भेजकर जुर्माना राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि नियम तोड़ने वाले कहीं के भी हों, चालान काटकर जुर्माना वसूला जाएगा। उन्हें यातायात का पाठ सिखाया जाएगा। 13 हजार 495 वाहन चालकों में से 10 हजार 900 का चालान तामील करवाया गया है। इनमें से 9 हजार 680 लोगों ने जुर्माना पटाया है। इनसे 59 लाख 97 हजार 300 रुपये का जुर्माना जमा करवाया गया है। यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर ने कहा, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकार कार्रवाई की जा रही है। जनवरी से अप्रैल तक 13 हजार 495 वाहन चालकों का सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालान काटा गया। नियम तोड़ने वालों में दूसरे जिले के वाहन चालक भी शामिल हैं।



## बीच सड़क पर युवक की लात-घूंसों से पिटाई, विवाद हुआ तो 3 लोगों ने अधमरा होने तक पीटा, 3 गिरफ्तार

**जगदलपुर ( ए )।** जगदलपुर में एक युवक की शहर के कुछ बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दी। बीच सड़क पर जमकर लात-घूंसे चले। बताया जा रहा है कि युवक को मार-मारकर अधमरा कर दिया गया। वहीं पास में मौजूद कुछ लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जब वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो मामले में शामिल एक नाबालिग समेत 3 लोगों को पकड़ लिया गया। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की दोपहर शहर के रहने वाले ऋतिक सागर (23), बजरंगी गुप्ता (19) और एक नाबालिग का एक युवक के साथ किसी मामले को लेकर विवाद हो गया, जिससे गुस्साए नाबालिग समेत तीन लोगों ने युवक की पिटाई शुरू कर दी। युवक को मार खाता देख आसपास के कुछ दुकानदारों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाया। थोड़ी देर बाद सभी लौट गए। इस बीच किसी ने इनके झगड़े की वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया में शेयर कर दिया। कुछ ही घंटों में वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंच गया। इसके बाद जगदलपुर सिटी कोतवाली प्रभारी एमन साहू ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जवानों की एक टीम को भेजा।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)

पताः- नया बस स्टैंड के पीछे, गौरवपथ, दुर्ग
फोन एवं फैक्स :-0788-2322148
Email ID:- durgmc2019@gmail.com

–:: निविदा आमंत्रण सूचना ::–

क्रमांक / 48 / वि0वि0 / न0पानि0 / 2022 दुर्ग,दिनांक 17-05-22

नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत निम्नानुसार कार्य कराया जाना है। अतएव आयकर एवं जीएसटी विभाग में पंजीकृत व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दरे सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 13-06-2022 के अपरान्ह 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर दिनांक 10-06-2022 तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। उक्त निविदाए दिनांक 14-06-2022 को सांय 4:00 बजे निविदाकर्ताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2022–23 विभिन्न कार्यक्रम हेतु साउंड एवं माईक व्यवस्था कार्य | 5.00 लाख | "ब" | 750/– | 5000/– | वित्तीय वर्ष |
| 2 | वर्ष 2022–23 विभिन्न कार्यक्रम हेतु विशिष्ट लांईट व्यवस्था कार्य | 10.00 लाख | "ब" | 750/– | 7500/– | वित्तीय वर्ष |

टीपः– विस्तृत शर्ते व अन्य जानकारियां कार्यालय के विद्युत विभाग से कार्यालयीन समयावधि में प्राप्त की जा सकती है।

सहायक अभियंता
विधुत
नगर पालिक निगम, दुर्ग


महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## पति-पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर 4 साल से कर रहा था शारीरिक शोषण

**भिलाई (ए)।** दुर्ग पुलिस ने महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चार साल पहले महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद से वह लगातार महिला का शारीरिक शोषण करता आ रहा है। महिला और उसका पति डर के मारे विरोध नहीं कर पा रहे थे।




कुम्हारी पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने 15 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि कुम्हारी के कंडरका गांव निवासी नोहर साहू (32) पिछले चार सालों से उसका शारीरिक शोषण करता आ रहा है। महिला ने बताया कि नोहर ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी थी और उसके साथ जबरदस्ती की। उसके बाद से वह लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता आ रहा है।

जब उसकी जबरदस्ती दिन पर दिन बढ़ती गई पति और पत्नी ने हिम्मत जुटाई और थाने पहुंचे। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी नोहर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


### कार्यालय प्रभारी चिकित्साधिकारी सिविल अस्पताल

सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) civilhospitalsupela@gmail.com
Cont. - 0788-4912255

क्रमांक/सि.अ./2022/487 सुपेला, दिनांक : 13.05.2022

#### निविदा सूचना

सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग में जून 2022 से जून 2023 तक प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत फर्मों से सायकल स्टैण्ड के लिए मोहर बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षर कार्यालय से रूपये 500.00 नगद भुगतान कर कार्यालय दिवसों में आवेदन प्राप्त किए जा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | जून 2022 से जून 2023 तक के लिए शासकीय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई परिसर में सायकल/स्कूटर स्टैण्ड का संचालन |
| निविदा प्रपत्र (नियम एवं शर्तें) का मूल्य | 500/- अक्षरी (पांच सौ रू. मात्र) |
| निविदा फार्म की विक्रय की तिथि एवं समय | विज्ञापन प्रकाशित तिथि से दिनांक 24.05.2022 तक दोपहर 04:00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 27.05.2022 समय सायं 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.05.2022 समय दोपहर 01:00 बजे |
| निविदा फार्म प्राप्त करने का निर्धारित स्थल | कार्यालय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कक्ष |

जी-91232/3

प्रभारी चिकित्साधिकारी
सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### जिले में पहली बार रबी फसल लेने के बाद किसानों ने किया पैरादान

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री द्वारा गौठानों में पशुओं के चारे के लिए पैरादान की जो अपील खरीफ फसल के वक्त की गई थी उसका सकरात्मक असर रबी की फसलों में भी देखने को मिल रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि रबी की फसल के पश्चात् बचने वाले पैरे का उपयोग ग्रामीणों द्वारा पैरादान में किया गया। पीपरछेड़ी, खपरी, थनौद और अंजोरा (ख) के किसानों ने इस प्रक्रिया में अपने हिस्सेदारी प्रदर्शित कर पैरादान को एक नई दिशा दी है। आज जिला पंचायत के सीईओ श्री अश्वनी देवांगन उक्त गांव में ही नरवा, गौठान और चारागाह का निरीक्षण करने के लिए गए थे। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने गौठानों में पशुधन के रख-रखाव के बारे में सचिवों से जानकारी ली। इस अवसर पर गौठान में उपस्थित सचिवों ने उन्हें बताया कि किसानों द्वारा किए जा रहे पैरादान से पशुओं के पर्याप्त चारा उपलब्ध है और पानी की भी उचित व्यवस्था की गई। इसके अलावा उन्होंने आने वाली खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए वर्मी कंपोस्ट खाद के उत्पादन की स्थिति का भी जायजा लिया और गौठानों में कार्य कर रही स्व सहायता की महिलाओं को निर्देशित किया कि गोबर की खरीदी को निरंतर जारी रखकर वर्मी कंपोस्ट खाद की उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है। ताकि हमारे जिले के किसान डी.ए.पी., यूरिया या अन्य रसायनिक खादों पर निर्भर न हो और जैविक खेती की ओर आगे बढ़े।

### निदान 40 : विधवा पेंशन दिलाने आयुक्त ने आवेदन लिख की मदद

# छप्पर में जीवन यापन करने वाले दर्जनभर लोगों के पास होगा अपना छत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। अंतिम छोर में रहने वाले कई ऐसे है जो छप्पर में परिवार के साथ रह रहे है। ऐसे ही 12 हितग्राहियों को योजना के तहत पक्का मकान बनाने निदान-40 के माध्यम से विधिवत आवेदन जमा कराया गया। वही बुधवार को डुंडेरा में आयोजित शिविर के माध्यम से महापौर शशि अशोक सिन्हा ने प्रीति महिलांगे को तत्काल राशन कार्ड उपलब्ध कराया।**



दरअसल प्रीति ढाई माह से राशन कार्ड बनाने भटक रही थी। शिविर में पहुंची महिला की व्यथा सनने के बाद आयुक्त आशीष देवांगन ने न केवल आवेदन जमा कराया, बल्कि महापौर, निगम सभापति केशव बंछोर के माध्यम से वितरण भी कराया। शिविर स्थल में एमआईसी सदस्य सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, गोविन्द चतुर्वेदी, विलास बोरकर, अनूप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, परमेश्वर समेत पार्षद रोहित धनकर, खिलेन्द्र चंद्राकर, डॉ. सीमा साहू व पूर्व एल्डरमेन तरूण बंजारे उपस्थित थे।

#### आयुक्त ने भरा आवेदन

निदान-40 शिविर में ऐसे लोगों की संख्या अधिक थी जो लंबी दूरी तय कर निगम कार्यालय पहुंचने में असमर्थ थे। कुछ ऐसे थे जो मजदूरी करने सुबह से निकल जाते थे। ऐसे लोगों में आश्रम नगर की कुमारी बाई थी। अक्षर ज्ञान नहीं होने से शिविर स्थल पर भटक रही थी।

आयुक्त की नजर पड़ते ही उन्होंने न केवल आवेदन लिखा, बल्कि दस्तावेज संकलन कर महिला को पेंशन काउंटर तक पहुंचाया और समस्या का निदान किया।

#### इन्हे मिलेगा आवास

शासन की योजना के तहत डुंडेरा के दर्जनभर लोगों को पक्का मकान बनाने शीघ्र राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें वार्ड 35 के शंकर लाल गजपाल, निर्मला बाई विश्वकर्मा, गांधी राम, कुलेश्वर, राधे लाल साहू, वार्ड 36 के कामेश्वरी बंजारे, उषा बाई, लक्ष्मणी बंजारे, प्रेमबाई टंडन, सुनिता देवांगन, वार्ड 37 की वीर सिंह, सीता बेहेरा शामिल है।

#### राशन कार्ड तत्काल बनाए गए

शिविर में राशन कार्ड बनाने किसी तरह की समस्या न आए इसलिए खाद्य निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। शिविर में 36 हितग्राहियों के नाम सुधार, नाम काटने व नाम जोड़ने का कार्य तत्काल किया गया। वही 73 लोगों का पीडीएफ जिला खाद्य नियंत्रक कार्यालय भेजा गया। बुधवार को निदान-40 के तहत 302 आवेदनों का पंजीयन कर विभागवार वितरण कर 140 आवेदनों का निराकरण किया गया।

### निगम की तोड़ूदस्ता ने ढहाई दुकानदार की बनाई अतिक्रमित शेड सड़क पर अतिक्रमण करने वाले अन्य 4 पर भी कार्रवाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने निगम की टीम द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त शहर को अवैध कब्जों से मुक्त करने के साथ ही स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत हैं व इसके लिए वे निगम की गठित बेदखली टीम को निर्देश दे रखे हैं।

वहीं आयुक्त ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कहीं भी अतिक्रमण की शिकायत आती है तो उनका निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाए और जल्द बेदखली कार्रवाई की जाए। लोकेश साहू ने विजय लक्ष्मी सोनी पति पीके सोनी के विरूद्ध हुडको में बी मार्केट शॉप नं. 10 के पीछे लोहे की पाइप गड़ाकर टीन व पीव्हीसी सीट लगाकर कर अतिक्रमण करने की शिकायत की थी। तहसीलदार नजूल ने अतिक्रमणकर्ता से जवाब प्रस्तुत करने कहा था। जवाब में अस्थाई निर्माण कर शेड बनाना स्वीकार किया। जवाब व जांच उपरांत अतिक्रमणमुक्त का नोटिस दिया गया था। जोन 5 की राजस्व विभाग व विशेष तोड़ूदस्त टीम द्वारा नजूल तहसीलदार दुर्ग के आदेश पर सेक्टर 10 में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया गया।

जोन आयुक्त जोन 5 के निर्देश पर हुडको निवासी विजय लक्ष्मी सोनी और अन्य 4 लोगों द्वारा सड़क मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया था। इसे जोन 5 की राजस्व विभाग और विशेष तोड़ूदस्ता की टीम के संयुक्त प्रयास से हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, विष्णु सोनी, मानसिंह जांगडे, डी मुसलैय्या, राहुल यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आकाश आदित्य लामा का भिलाई आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छतीसगढ़ के चार दिवसीय दौरे पर आए बॉलीवुड के सफल निर्देशक एवं डायरेक्टर तथा संस्कार भारती के राष्ट्रीय सह संयोजक आकाश आदित्य लामा का भिलाई नगर आगमन पर इंडियन कॉफी हाउस सुपेला में छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज द्वारा समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया । इस



मौके पर समाज के उपस्थित पदाधिकारियों ने उनसे मांग रखी कि छत्तीसगढ़ में रह रहे बांग्लादेश से आए बंगाली समाज पर एक डॉक्यूमेंट फिल्म बनाया जाए जिस पर श्री लामा ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र छत्तीसगढ़ के बंगाली समाज पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएंगे जिस पर छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद एवं इस निर्णय का स्वागत किया । इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुमन शील , सुब्रत राय , मुकेश सिंह , संजय दत्ता , अजय सिन्हा , सुप्रभात शील , तपन मजुमदार , शेमल साहा सहित अनेकों मौजूद थे ।

# प्रधानमंत्री मोर जमीन मोर मकान के आवेदन का तत्काल निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत वार्ड 57 व 58 के उरला शासकीय प्राथमिक शाला में जन समस्या समाधान शिविर में आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड 57 व 58 के नागरिको की मूलभूत समस्या जैसे पानी, बिजली, सफाई, राशन कार्ड, पेंशन, नामान्तरण, आबादी पट्टा सहित अन्य समस्याओं हेतु लगाया गया। जिसमें नागरिको की समस्या का त्वरित निराकरण किया गया। गौरतलब है कि निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डो में व्याप्त मूलभूत



सुविधाओं के निराकरण के लिए विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल पर आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज जन समस्या समाधान शिविर का जायजा लेने विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल,छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,आयुक्त हरेश मंडावी,सभापति राजेश यादव शिविर का जायजा लेने पहुंचे। उनके द्वारा वहां उपस्थित आवेदको से उनकी मांग एवं शिकायतो को सूना एवं अधिकारियो को आन स्पॉट उनकी समस्यों का निराकरण करने के निर्देश दिया गया ।आज जन समस्या समाधान के लिए लगे शिविर में कुल 95 आवेदन मांग एवं शिकायत के प्राप्त हुए जिनमे से 17 आवेदनों का शिविर में ही त्वरित निराकरण किया गया। पट्टे से सम्बंधित 30 आवेदनों को सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित किया गया एवं शेष बचे आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश आयुक्त ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

शिविर में प्राप्त हुए प्रधानमंत्री आवास मोर जमीन मोर मकान के हितग्राही प्रतिमा जनबन्धु उरला द्वारा ने आवेदन किया तत्काल निराकरण करते हुए हितग्राही के खाते में ऑन लाइन भुकतान 57 हज़ार 187 रुपए की राशि निगम लेखा शाखा विभाग द्वारा प्रदान किया गया ।शिविर में एमआईसी प्रभारी भोला महोबिया,हमीद खोखर,मनदीप सिंह भाटिया, वार्ड क्रमांक 57 की पार्षद सुश्री जमुना साहू,वार्ड क्रमांक के पार्षद बृजलाल पटेल,एल्डरमेन देव सिन्हा, विकास यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्तित थे।

# बीएसपी सीएसआर द्वारा खेल शिक्षकों हेतु गेड़ी बॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दिनांक 18 मई, 2022 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक जीवन व लोक संस्कृति से जुड़े खेल 'गेड़ी' को नया स्वरूप देते हुए दुर्ग जिले के खेल षिक्षकों हेतु 'गेड़ी बॉल' प्रषिक्षण षिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेल-बीएसपी के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री के के सिंग उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त इस नये खेल 'गेड़ी बॉल' की परिकल्पना तथा इसके अवधारणा के प्रणेता पूर्व कार्यपालक निदेषक एस के जैन एवं इसे मूर्त रूप देने वाले सीएसआर के पूर्व कार्मिक व खेल प्रषिक्षण ताजुद्दीन विषेष रूप से उपस्थित थे।



विदित हो कि छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़े खेल गेड़ी को नया आयाम देते हुए एक नए खेल गेड़ी बाल का सृजन सन 2019 में किया गया था एवं इसके प्रचार प्रसार एवं विकसित करने के उद्देश्य से दिनाँक 18 मई, 2022 को दुर्ग जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के खेल शिक्षकों को गेड़ी बाल के नियमों की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा सेवानिवृत्त सेल कार्मिकों द्वारा गठित गेड़ी बाल एसोसिएशन एवं शिक्षा विभाग-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 के प्रागंण में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ग्राम पउवारा के शालेय छात्रों के प्रदर्शन मैच द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री के के सिंग ने अपने उद्बोधन में कहा की गेड़ी बाल छत्तीसगढ़ को खेल जगत में एक नई एवं विशिष्ट पहचान प्रदान करेगा एवं भविष्य में इसकी लोकप्रियता एवं आकर्षण इसे राष्ट्रीय स्तर के खेल के रूप में स्थापित करेगी।




### बारिश शुरू होने से पहले करें सड़कों का डामरीकरण

# विधायक अरुण वोरा ने दिये पीडब्लूडी अफसरों को निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन दुर्ग के वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने नेहरू नगर चौक से मिनीमाता चौक तक जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य की गति धीमी होने पर सख्त नाराजगी जताई है। वोरा ने पीडब्लूडी अफसरों से कहा है कि रोड निर्माण कार्य अधूरा है। बारिश के पहले जीई रोड का डामरीकरण किया जाना जरूरी है।**



इसके अलावा पटेल चौक से स्टेशन रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों का डामरीकरण भी किया जाए। डामरीकरण न होने की स्थिति में बारिश होने पर सड़कों पर चलना दूभर हो जाएगा। वोरा ने कहा कि 64 करोड़ की लागत से जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू से बेहद धीमी गति से हो रहा है। आम जनता को चौड़ी सड़क पर आवागमन की सुविधा जल्द से जल्द मिलना चाहिए। सड़कों पर उड़ती धूल और गड्?ढों से आम जनता को परेशानी हो रही है। वोरा ने कहा कि दो माह पहले तक लगातार टोकने के बाद काम में गति आई लेकिन अब फिर से रोड निर्माण का कार्य सुस्त चाल से हो रहा है।

वोरा ने कहा कि भूमिपूजन के बाद लगभग डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया है। अभी तक चौक-चौराहों की शिफ्टिंग का काम नहीं किया गया है। फिल्टर प्लांट के सामने गार्डन का निर्माण भी रुक रुक कर हो रहा है। रोड के किनारे ड्रेनेज सिस्टम और नालों की रिटेनिंग वाल का निर्माण भी अधूरा है। आधे-अधूरे निर्माण कार्यों से जीई रोड पर बारिश के दौरान आवागमन में दिक्कत हो सकती है। बेहतर होगा कि बारिश से पहले सड़क का डामरीकरण कर आवागमन की बेहतर सुविधा दी जाए।

वोरा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कहा कि जीई मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के लिए 12 करोड़ रुपए मंजूर किये गए हैं। पोल लगाए गए हैं लेकिन अभी तक लाइट लगाने का काम नहीं किया गया। सड़क पर अंधकार से दुर्घटना हो रही है। यह काम तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। जीई रोड जैसे व्यस्ततम रोड पर रात के समय पर्याप्त प्रकाश होना जरूरी है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग शहर में रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन 2 अक्टूबर 2020 को किया था। भूमिपूजन के बाद रोड उन्नयन का काम शुरू नहीं हुआ। इस योजना की मंजूरी दिलाने वाले विधायक अरुण वोरा के कड़े निर्देशों के बाद पीडब्लूडी अफसरों ने दिसंबर 2020 को यह काम शुरू किया। बीते डेढ़ साल से ज्यादा समय बीतने के बावजूद काफी काम अधूरे पड़े हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950